# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 12 फरवरी 2026

संवत 2082, फाल्गुन कृष्ण 11 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 152, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ उत्कृष्टता की ओर अग्रसर स्वदेशी रक्षा प्रणाली

ओ रोमियो के लिए शाहिद कपूर का निर्देशक विशाल भारद्वाज को थैंक्स ◂◂ 6


# दो कारोबारियों के घर पर 18 राउंड फायरिंग, पूरे इलाके में घेराबंदी कर चलाया जा रहा सघन तलाशी अभियान




**रामगढ़:** जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने दो कारोबारियों के घरों पर अंधाधुंध फायरिंग कर सनसनी फैला दी। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन पूरे इलाके में डर का माहौल है।

घटना सरिया टोला की है, जहां बदमाशों ने कोयला व्यवसायी गजानंद प्रसाद के घर के पास 8 से 9 राउंड गोलियां चलाईं। इसके बाद उन्होंने सेल संचालक नीतीश कुमार के घर पर भी करीब 9 राउंड फायरिंग की। लगातार गोलियों की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग डर के मारे अपने घरों में छिप गए।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बाइक सवार अपराधी सियाल सौंदा बस्ती की ओर से आए थे। दोनों घरों के पास फायरिंग करने के बाद वे भाग निकले। भागते समय बदमाशों ने सौंदा बस्ती के मुख्य चौक और एक दुकान के पास भी गोलियां चलाईं। सूचना मिलते ही एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, पतरातू थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार और सशस्त्र बल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से कई खाली खोखे बरामद किए हैं। पूरे इलाके में घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

पुलिस इस घटना को सुनियोजित हमला मानकर जांच कर रही है। इलाके में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। क्षेत्र में राहुल दुबे और अमन साहू गिरोह के सक्रिय होने की चर्चा है। पुलिस रंगदारी के एंगल से भी जांच कर रही है, क्योंकि कोयला कारोबार से जुड़े मामलों में पहले भी धमकी और वसूली की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। फिलहाल पुलिस ने जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। घटना के बाद से कारोबारियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।



## मजदूर-किसान की लड़ाई में मजबूती से खड़ा रहूंगा राहुल बोले, मेहनतकश वर्ग से हो रहा अन्याय

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार की नीतियों के कारण देश के मजदूर और किसान अपने हक की लड़ाई के लिए सडकों पर हैं और वह इस संघर्ष में मजबूती से उनके साथ खड़े रहेंगे। श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश का मेहनतकश वर्ग अपने साथ हो रहे अन्याय से दुखी हैं और यही वजह है कि आज देशभर में लाखों मजदूर और किसान अपने हक की आवाज बुलंद करने सडकों पर हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को डर है कि चार श्रम संहिताएं उनके अधिकारों को कमजोर कर देंगी।

इसी तरह किसानों को आशंका है कि व्यापार समझौता उनकी आजीविका पर चोट करेगा। और मनरेगा को कमजोर या खत्म करने से गांवों का आखिरी सहारा भी छिन सकता है। श्री गांधी ने कहा कि जब उनके भविष्य से जुड़े फैसले लिए गए, उनकी आवाज को नजरअंदाज किया गया। क्या मोदीजी अब सुनेंगे या उन पर किसी ग्रिप की पकड़ बहुत मजबूत है। मैं मजदूरों और किसानों के मुद्दों और उनके संघर्ष के साथ मजबूती से खड़ा हूं।

## बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए मतदान शुरू, वोटिंग के तुरंत बाद होगी मतगणना



**ढाका:** बांग्लादेश में आम चुनावों के लिए मतदान गुरुवार को सुबह साढ़े सात बजे शुरू हो गया। मतदान शाम 4:30 बजे तक चलेगा और इसके तुरंत बाद मतगणना शुरू हो जाएगी। चुनाव में करीब 12 करोड़ 70 लाख मतदाता आज अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वर्ष 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ जुलाई-अगस्त में हुए छात्र नेतृत्व वाले जन-आंदोलन के बाद यह पहला आम चुनाव है। बांग्लादेश में मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार है। अंतरिम सरकार ने पिछले साल हसीना की अवामी लीग को भंग कर दिया था और उसे चुनाव लड़ने से रोक दिया था।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष एवं दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान चुनाव मैदान में है। उनका मुख्य मुकाबला जमात-ए-इस्लामी से है। चुनाव में कुल 51 राजनीति दल हिस्सा ले रहे हैं। चुनाव आयोग ने करीब दस लाख जवान सुरक्षा में तैनात किए हैं– यह देश के चुनावी इतिहास का सबसे बड़ा सुरक्षा अभियान है। आधे से ज्यादा मतदान केन्द्र अतिसंवदेनशील बताए गए हैं, जिनमें से करीब 90 प्रतिशत सीसीटीवी सर्विलांस पर हैं। ढाका में कई पुलिस अधिकारी चुनावी प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए बॉडी कैमरा पहने हुए हैं।

चुनाव आयुक्त अबुल फजल मोहम्मद सनाउल्लाह ने एक ब्रीफिंग में कहा, स्थानीय जोखिम के हिसाब से सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान के आज शाम साढे चार बजे समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना शुरू हो जाएगी। आधिकारिक परिणाम 13 फरवरी को आने की उम्मीद है। चुनाव मैदान में 1,981 उम्मीदवारों में से 249 निर्दलीय हैं। लगभग 46 लाख मतदाता पहली बार अपना वोट डालेंगे जिसमें से लगभग आधे मतदाता 18 से 37 साल के बीच के हैं।

### कानपुर लेम्बोर्गिनी कांड

## तंबाकू कारोबारी का बेटा शिवम मिश्रा गिरफ्तार, एसओजी ने दबोचा

**कानपुर :** कानपुर के बहुचर्चित लेम्बोर्गिनी हिट एंड रन मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा के बेटे और मुख्य आरोपी शिवम मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसओजी की टीम ने उसे हिरासत में लिया है। वह पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था और अब थोड़ी ही देर में उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह हादसा 8 फरवरी की दोपहर वीआईपी रोड पर हुआ था, जहां तेज रफ्तार लेम्बोर्गिनी ने बुलेट और ऑटो को टक्कर मार दी थी, जिसमें चार लोग घायल हो गए थे।

**ड्राइवर का सरेंडर प्लान फेल:** इस हाई-प्रोफाइल मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी पक्ष की ओर से कई कानूनी दांव-पेच खेले गए। पहले एक ड्राइवर मोहन एम की ओर से कोर्ट में सरेंडर अर्जी लगाई गई थी, जिसमें उसने दावा किया था कि वह स्थायी ड्राइवर है और घटना के वक्त वही कार चला रहा था। हालांकि, ग्वालटोली पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट कर दिया कि जांच में मोहन का नाम कहीं नहीं आया है। पुलिस की इस रिपोर्ट के आधार पर एसीजेएम कोर्ट ने ड्राइवर की सरेंडर अर्जी को खारिज कर दिया। वहीं, बचाव पक्ष के वकील धर्मेंद्र कुमार धर्मू ने कहा है कि वे इस फैसले के खिलाफ जिला जज की कोर्ट में रिवीजन दाखिल करेंगे, क्योंकि उनका कहना है कि ड्राइवर खुद गुनाह कबूल रहा है।

**पुलिस ने कहा- शिवम ही था चालक:** पुलिस की जांच में साफ तौर पर चालक के रूप में शिवम कुमार मिश्रा का नाम सामने आया है। शिवम की ओर से कार रिलीज करने के लिए भी अर्जी दी गई थी, जिसमें दावा किया गया था कि कार से कोई हादसा नहीं हुआ, बल्कि भीड़ ने शीशा तोड़ दिया था। लेकिन पुलिस ने कोर्ट को बताया कि वाहन संख्या डीएल 11 सीफ 4018 लेम्बोर्गिनी कार से ही अपराध कारित किया गया है। कोर्ट ने अब शिवम को कार से जुड़े सभी दस्तावेज जमा करने का आदेश दिया है और थाना प्रभारी को वाहन का परीक्षण कर 13 फरवरी तक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। पुलिस ने शिवम को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस भी जारी किया था।

**पीड़ित ने किया समझौता:** इन सब के बीच मामले में एक नया मोड़ तब आया जब वादी मोहम्मद तौफीक ने कोर्ट में समझौता पत्र दाखिल कर दिया। चमनगंज के घोसियाना निवासी और पेशे से ई-रिक्शा चालक तौफीक ने कहा कि हादसे में उनके बाएं पैर में चोट आई थी। उन्होंने बताया कि उनका इलाज करा दिया गया है और अब उन्हें आरोपी पक्ष से कोई शिकायत नहीं है। वकील धर्मेंद्र सिंह धर्मू ने पुष्टि की है कि पीड़ित को इलाज का पैसा मिल गया है और वह संतुष्ट है। हालांकि, पुलिस कार्रवाई जारी है और शिवम को आज कोर्ट का सामना करना होगा।



## रिजिजू का कांग्रेस पर बड़ा आरोप स्पीकर ओम बिरला को गाली देने का सीक्रेट वीडियो किया शेयर

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को फिर से दोहराया कि कांग्रेस सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला को उनके चैंबर में गाली दी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा बहस और चर्चा में विश्वास करती है और किसी भी प्रकार की शारीरिक या मौखिक धमकी का समर्थन नहीं करती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म '' पर एक पोस्ट में, रिजिजू ने एक कांग्रेस सांसद द्वारा रिकॉर्ड किया गया एक अवैध वीडियो साझा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 20-25 कांग्रेस सांसद स्पीकर के चैंबर में घुस गए, उन्हें गाली दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकी दी।

रिजिजू ने एक्स पर लिखा कि यह एक कांग्रेस सांसद द्वारा बनाया गया अवैध वीडियो क्लिप है, जिसमें 20-25 कांग्रेस सांसद माननीय स्पीकर के चैंबर में घुस गए, उन्हें गाली दी और माननीय प्रधानमंत्री को धमकी दी। हमारी पार्टी बहस और चर्चा में विश्वास करती है और सांसदों को शारीरिक रूप से धमकी देने के लिए कभी प्रोत्साहित नहीं करती है। बुधवार को किरेन रिजिजू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सदस्यों ने स्पीकर के कक्ष में घुसकर उन्हें अपशब्द कहे।

पत्रकारों से बात करते हुए रिजिजू ने कहा कि स्पीकर इस घटना से गहराई से आहत हुए हैं और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से उनसे बात की है। उन्होंने सदन में बोलने की अनुमति को लेकर हुए विवाद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्पीकर द्वारा एक आदेश जारी किए जाने के बाद, कथित तौर पर उसका पालन नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ने कहा था कि उन्हें बोलने के लिए किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वे अपनी इच्छानुसार बोलेंगे।

रिजिजू ने कहा कि जैसा कि मैंने कहा, स्पीकर बहुत आहत हैं। मैंने स्पीकर से बात भी की है। वे (कांग्रेस सांसद) स्पीकर के कक्ष में गए और उन्हें अपशब्द कहे। फिर स्पीकर ने एक आदेश दिया, जिसका पालन नहीं किया गया और फिर राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें बोलने के लिए किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। वे बिना किसी नियम के अपनी मर्जी से बोलेंगे... जब तक अध्यक्ष की अनुमति न हो, सदन में सदस्य नहीं बोल सकते। यहां तक ??कि प्रधानमंत्री भी अध्यक्ष की अनुमति से ही बोलते हैं। हर कोई अनुमति से ही बोलता है।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश में पायलट ने बंद किया था फ्यूल स्विच, जानबूझकर घटना को दिया था अंजाम

### उड़ते ही बंद हो गए थे दोनों इंजन, पायलट ने पूछा- क्यों कट किया ईंधन, अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच रिपोर्ट





**नई दिल्ली:** अहमदाबाद एयर इंडिया की फ्लाइट ए।171 के भीषण हादसे को लेकर इटली के मशहूर अखबार कोरिएरे डेला सेरा ने बड़ा दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय जांचकर्ता जो अंतिम रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं, उसमें विमान हादसे की वजह पायलट द्वारा जानबूझकर फ्यूल स्विच बंद करने को बताया गया है। वेस्ट एविएशन एजेंसियों के हवाले से कहा गया है कि जांच में अब तक किसी तरह की तकनीकी खराबी नहीं मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग से यह भी पता चला है कि किस पायलट ने फ्यूल स्विच बंद किए थे। एयर इंडिया की यह बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर फ्लाइट अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रही थी। इस विमान को कैप्टन सुमीत सभरवाल और को-पायलट कैप्टन क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे।

**मीडिया रिपोर्ट में कॉकपिट में वॉयस रिकॉर्डिंग के आधार पर किया गया दावा:** मीडिया रिपोर्ट, जांच रिपोर्ट के उस तथ्य पर आधारित है, जिसमें कहा गया है कि विमान में कोई तकनीकी खामी नहीं मिली है।

साथ ही विमान के कॉकपिट में वॉयस रिकॉर्डिंग के आधार पर यह माना जा रहा है कि पायलट ने ही फ्यूल स्विच बंद किए।

हालांकि अभी तक भारत के एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस रिपोर्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। न ही इस दावे की अभी कोई पुष्टि की गई है।

रिपोर्ट में इस बात की भी स्पष्ट जानकारी नहीं है कि किन परिस्थितियों में पायलट ने स्विच जानबूझकर बंद किए। रिपोर्ट में मुख्य संदिग्ध विमान के कमांडर सुमित सभरवाल को बताया गया है। पायलट सुमित सभरवाल की भी विमान हादसे में मौत हो गई थी।

भारतीय पायलट एसोसिएशन और पायलट सुमित सभरवाल का परिवार इस दावे को पहले ही नकार चुका है और इनका कहना है कि हादसे की जिम्मेदारी पायलट पर डालने की सोची समझी साजिश रची जा रही है।

पायलट एसोसिएशन और पायलट सुमित सभरवाल के परिवार ने विमान बनाने वाली कंपनी, एयरलाइन और अन्य तथ्यों की विस्तृत जांच करने की मांग की है।

दिसंबर में एएआईबी के भारतीय जांचकर्ता वॉशिंगटन गए थे, जहां उन्होंने विमान के ब्लैक बॉक्स की जांच की थी। इसमें सबसे ज्यादा फोकस वॉयस रिकॉर्डिंग पर था। इसके आधार पर मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि एक पायलट ने ही जानबूझकर फ्यूल स्विच बंद किया।

अमेरिकी विशेषज्ञों का कहना है कि बोइंग 787 में ऐसा कभी नहीं हुआ कि दोनों इंजन एक साथ बंद हुए हो और यह सिर्फ जानबूझकर या एक्सीडेंट की स्थिति में ही हो सकता है।

जांच में ये भी पता चला कि पहले विमान का बांया इंजन बंद हुआ और फिर दांया। पायलट सीट पर बांयी तरफ कैप्टन सुमित सभरवाल ही बैठे हुए थे और दांयी तरफ कैप्टन क्लाइव कुंदर।

कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से पता चला कि एक पायलट ने पूछा तुमने इंजन बंद क्यों किए? इस पर दूसरा पायलट जवाब देता है कि मैंने नहीं किए ।

**विमान हादसे में 260 लोगों की हुई थी मौतः** एअर इंडिया का विमान बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बीते साल 12 जून को हादसे का शिकार हो गया था। अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान क्रैश हो गया था। हादसे में 260 लोगों की मौत हुई थी। जिनमें से विमान में सवार 242 यात्रियों और क्रू सदस्यों में से 241 और मेडिकल हॉस्टल के 19 लोग शामिल थे। विमान टेक ऑफ होने के 32 सेकंड बाद ही क्रैश होकर एक मेडिकल हॉस्टल की बिल्डिंग पर गिर गया था।

न्यूज IN ब्रीफ

## विशाल ने थामा स्नेहा का हाथ



**रांची:** रातु थाना अंतर्गत रिंग रोड सिमलिया स्थित दुल्हन बैंक्विट हॉल रांची में मंगलवार की रात हिंदू रीति रिवाज के अनुसार विवाह का खूबसूरत नजारा रहा। ईश्वर को साक्षी मान दोनो परिणय सूत्र में बंधे। वर वधू ने एक दूसरे के साथ शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के पथ पर जीवन भर साथ चलने की शपथ ली। उक्त समारोह में सामाजिक, राजनीति और धार्मिक संगठनों के कई नाम चिन व्यक्तियों ने खास तौर पर शामिल हो, नव दंपती को आशीर्वाद दिया! तथा विवाहित जोड़े के उज्जवल भविष्य की कामना की। बताते चलें कि विशाल वर्तमान में रिंग रोड सिमलिया, रातू, रांची व पैतृक निवास रानीक, चौपारण, हजारीबाग, झारखंड निवासी वरिष्ठ समाजसेवी सह भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह एवं समाजसेवी रूबी सिंह के सुपुत्र हैं। जबकि स्नेहा रिंग रोड नगड़ी, बालालौंग, रांची झारखंड निवासी विजय कुमार सिंह एवं रेखा सिंह की सुपुत्री हैं। पंडित विनोद मिश्रा ने इसमें पुरोहित की भूमिका निभाई। इस विवाह समारोह में लड़के के चाचा देवेंद्र देवेंद्र सिंह यशवंत सिंह विनोद सिंह चाची रंजू देवी, पूनम देवी व बेबी देवी !सगे भाई अशेष आनंद उर्फ किट्टू कजन भाई उदय सिंह, सोनू सिंह, नवीन कुमार सिंह, विकास कुमार, ओंकार, सजल,रमेश , बंपी! भाभी सोनाली सिंह,पायल सिंह, सिमरन सिंह! बहन निशा सिंह, नेहा सिंह, जूही सिंह! काजल, बिनु, सेनु! जीजा अरविन्दम सिंह उर्फ टेना बाबू, मृत्युंजय सिंह, निलेश सिंह, मनोज सिंह जबकि लड़की के चाचा संजय सिंह, भाई सिद्धार्थ बहन एडवोकेट कुमुद सिंह, सहित सगे संबंधी, हित कुटुंब, मित्रगण के साथ सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों के साथ अन्य लोगों ने वर वधु को शुभकामना देने के साथ समारोह संपन्न हुआ।

## बांसारूली क्रिकेट टीम की पांच बिकेट से शानदार जीत



**मुरी :** पंकज कुमार की 10 वीं पुण्यतिथि पर बांसारूली शिव मंदिर मैदान में पंकज कुमार क्रिकेट टूनामेंट खेल में मेजवान टीम बांसारूली क्रिकेट टीम ने पांच विकेट से युनाइटेड क्लब तुलिन को हरा कर शानदार जीत दर्ज की। फाइनल खेल बांसारूली क्रिकेट टीम और युनाइटेड क्लब तुलिन के बीच दस दस ओवर की खेल हुआ। तुलिन की टीम ने नो विकेट खोकर दस ओवर में 115 रन का लक्ष्य रखा। बांसारूली क्रिकेट टीम ने नो ओवर पांच वाल पर 117 रन बनाकर कर पांच विकेट से मैच जीत लिया। जिला परिषद वीणा देवी ने विजेता टीम बांसारूली के कप्तान प्रमोद कुमार को तैईस हजार नगद चेक और कप दिया। वही रनर टीम तुलिन को अठारह हजार का चेक और कप मुखिया लालु राम उरांव ने दिया। मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द टुरनामेंट बांसारूली के अशोक कुमार महतो को दिया गया। अशोक महतो ने इस खेल में पांच वाल पर पांच छक्के लगाकर लोगो का दिल जीत लिया।तीन दिन से चली आ रही खेल में कमेंटेटर का दायित्व दिनेश साहु और नागेश्वर कुमार ने बखूबी रुप से किया। अम्पायर का काम सन्नी और दीपक ने किया। खेल का सक्रिय संचालन कमलेश साहु, अरूण साहु, प्रमोद साहु, अरविंद भगवान, राजाराम, विकास, दीपक, आनन्द, दिलेशवर सुशील, शशिकांत , शेखर अंकित, सुजित, राहट बिल्टु एवं समस्त बांसारूली ग्राम वासी ने मिलकर किया।

## रेलगाड़ी के चपेट में एक की मौत

मुरी : सिल्ली निवासी रतन सिंह रेलगाड़ी के चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रतन सिंह रेलवे तरफ जा रहे थे पीछे पीछे पत्नी भी थी। जैसे ही गाड़ी के चपेट में रतन सिंह आए तो पत्नी मानसिक संतुलन खो बैठी इसी दरमियान वो भी बुरी तरह जख्मी अस्पताल में एडमिट है। अन्य सुत्रों के अनुसार उनके घर में कलह का वतावरण था। शायद यही वजह से दुर्घटना का कारण बना।

## सैकड़ों लोगों ने थामा आजसू का दामन

**रांची :** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के समक्ष विभिन्न राजनीतिक दलों ग्रेस, झामुमो तथा जेएलकेएम के सैकड़ों लोगों ने आज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। केंद्रीय कार्यालय, हरमू (रांची) में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर भी उपस्थित थे।

आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि झारखंड में राज्य सरकार जनता के साथ छल कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल झामुमोझ्रकांग्रेस ने नगर निकाय चुनाव में अपनाझ्रअपना प्रत्याशी उतारा है। अगर उन्हें चुनाव में जोर आजमाना ही था, तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दलीय आधार पर चुनाव करवा लेते। उन्होंने कहा कि ईवीएम की बजाय बेलेट पेपर से चुनाव करवाना भी राज्य सरकार की नीयत पर संदेह पैदा करता है। आजसू पार्टी राजनीतिक नैतिकता का पालन करते हुए किसी भी प्रत्याशी का समर्थन नहीं कर रही। जिला समितियां अपने स्तर पर निर्णय लेंगी।

श्री महतो ने कहा कि झामुमो ने विगत दो चुनावों में निजी कम्पनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार दिलवाने का वायदा किया था, लेकिन छह वर्ष में राज्य सरकार ने ह्लस्थानीयताह्व को ही निर्धारित नहीं किया है। पहले राज्य सरकार स्थानीयता को निर्धारित करे।श्री महतो ने कहा कि पार्टी निरंतर संघर्ष के पथ पर अग्रसर है। झारखंड की निकम्मी सरकार से क्षुब्ध होकर लोग लगातार आजसू पार्टी से जुड़ रहे हैं, जिससे संगठन को नई मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब वह समय आ गया है जब सुलझे हुए और जागरूक युवा झारखंड की बागडोर अपने हाथों में लेने को तैयार हैं। यह सदस्यता ग्रहण उसी जनविश्वास का एक छोटा सा उदाहरण है।

# बजट सत्र से पहले झारखंड पुलिस अलर्ट संवेदनशील सड़कों पर विशेष चौकसी का निर्देश

संवाददाता

**रांची :** आगामी 18 फरवरी से 19 मार्च 2026 तक झारखंड विधानसभा का बजट सत्र चलने वाला है। इसे देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया है। रांची, धनबाद और जमशेदपुर के एसएसपी, बाकी सभी जिलों के एसपी, यहां तक कि रेल पुलिस को भी साफ निर्देश दिया गया है कि सुरक्षा में किसी तरह की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। पुलिस का कहना है कि सत्र के दौरान मंत्री और विधायक अपने-अपने इलाकों से रांची आएंगे और बीच-बीच में वापस भी जा सकते हैं। ऐसे में रास्ते में सुरक्षा सबसे बड़ी जिम्मेदारी होगी। यह अधिसूचना आईजी अभियान एस माइकल राज के आदेश से जारी किया गया है।

क्यों बढ़ाई गई सतर्कता

अधिसूचना में कहा गया है कि पहले भी पहले उग्रवादी घटनाएं हो चुकी हैं। इसलिए इस बार कोई जोखिम नहीं लिया जाएगा। खासकर वे इलाके जो पहले से संवेदनशील माने जाते हैं, वहां ज्यादा चौकसी रखी जाएगी। आशंका जताई गई है कि कुछ असामाजिक या उग्रवादी तत्व जनप्रतिनिधियों को निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं।

सड़क और रेल मार्ग पर खास नजर

साफ निर्देश दिया गया है कि सड़क और रेल दोनों मार्गों पर गश्ती दल बढ़ाए जाएं। रोड ओपनिंग पार्टी को सक्रिय रखा जाएगा। यानी जिन रास्तों से मंत्री और विधायक गुजरेंगे, वहां पहले से जांच-पड़ताल की जाएगी। जंगल और घाटी वाले इलाकों में खास तौर पर निगरानी रहेगी। आसूचना तंत्र को भी एक्टिव रहने को कहा गया है। स्थानीय पुलिस को अपने-अपने क्षेत्र में हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने और तुरंत रिपोर्ट देने का आदेश है।



इन सड़कों पर रहेगी विशेष चौकसी

पुलिस ने कई मार्गों को संवेदनशील मानते हुए वहां अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा है। इनमें रांची-बुंडू-तमाड़ का तैमारा घाटी इलाका, रांची-हजारीबाग-कोडरमा मार्ग पर चुटूपालू और तिलैया घाटी, हजारीबाग-बगोदर-गिरिडीह सड़क, रांची-सिमडेगा-गुमला का कोलेबिरा जंगल, खूंटी-चाईबासा का बंदगांव जंगल क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा रांची-लातेहार-पलामू मार्ग, सिमरिया और चतरा के जंगल इलाके, डाल्टनगंज-नेतरहाट मार्ग, रामगढ़-गोला-बोकारो, बगोदर-सरिया-जमुआं, चान्हों-खलारी-सिमरिया और सरायकेला-खरसावां इलाके में भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। जंगल और घाटी वाले रास्तों पर खास नजर रखने को कहा गया है, क्योंकि ऐसे इलाकों में पहले घटनाएं हो चुकी हैं।

क्या दिए गये निर्देश

सभी जिलों को कहा गया है कि गश्ती बढ़ाएं, चेकिंग सख्त करें और जरूरत पड़े तो अतिरिक्त बल की मांग करें। रोड ओपनिंग पार्टी को प्रभावी तरीके से लगाया जाए ताकि कोई भी अप्रिय घटना होने से पहले ही रोकी जा सके। वरिष्ठ अधिकारियों को भी नियमित समीक्षा करने और ग्राउंड रिपोर्ट लेने को कहा गया है। किसी भी संदिग्ध हलचल पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

आम लोगों के लिए क्या मतलब

पुलिस मुख्यालय ने साफ किया है कि यह एहतियाती कदम है। आम लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। हालांकि चेकिंग और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहने से कुछ जगहों पर आवाजाही में थोड़ी सख्ती दिख सकती है। कुल मिलाकर, बजट सत्र को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से कराने के लिए पुलिस पूरी तैयारी में जुट गई है। इस बार किसी भी तरह की चूक नहीं हो, इसके लिए पहले से ही कमर कस ली गई है।

## डीसी ने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया



बिनय मिश्रा

**चाईबासा :** नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के निमित्त पश्चिमी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) -सह-उपायुक्त चंदन कुमार के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के तहत चाईबासा एवं चक्रधरपुर दोनों नगर परिषद क्षेत्र हेतु मतदान दल रवानगी के लिए चिन्हित स्थल टाटा कॉलेज-चाईबासा परिसर और स्ट्रांग रूम व मतगणना हेतु चिन्हित परिसर महिला कॉलेज-चाईबासा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष कुमार, सदर चाईबासा अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग, भूमि सुधार उपसमाहर्ता पोड़ाहाट-चक्रधरपुर के.के.मुण्डू, भूमि सुधार उपसमाहर्ता चाईबासा जीतराय मुर्मू, नजारत उप समाहर्ता देवेंद्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-जिला पंचायत राज पदाधिकारी सबिता टोप्पो, सभी निवार्ची पदाधिकारी(वार्ड पार्षद)-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा डिस्पैच सेंटर- टाटा कॉलेज परिसर और स्ट्रांग रूम व मतगणना परिसर महिला कॉलेज-चाईबासा में दोनों नगरपरिषद क्षेत्र के लिए की जा रही पृथक-पृथक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही नगरपरिषद वार डिस्पैच सेंटर पर पर सभी व्यवस्थाओं, जैसे-बैरिकेडिंग, मतदान सामग्री वितरण, आवागमन हेतु वाहनों का क्रमवार संयोजन सहित विविध बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा स्ट्रांग रूम व मतगणना परिसर में रिसीविंग टेबल पर मतदान कर्मियों के पहुंचने के लिए सुलभ व्यवस्था, मतगणना के दिन कर्मियों एवं चुनावी अभिकताओं का आवागमन व्यवस्था, मतगणना कक्ष में टेबल का संधारण सहित सुरक्षा व्यवस्था आदि के संदर्भ में उचित निर्देश दिया गया।

## बंता में जंगली हाथियों के झुण्ड ने बरपाया कहर आलू की फसल को रौंदकर किया नष्ट



संवाददाता

**सिल्ली :** गुरुवार अहले सुबह जंगली झुंड ने कहर बरपाते हुए, बंता निवासी नरेन कोईरी के तैयार आलू की फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया है विरेंद्र कोईरी के कतारी एंव नरोत्तम कुम्हार के घर का दरवाजा क्षति कर दिया. जिससे ग्रामीण दहशत में हैं पीड़ित किसानों ने वन विभाग से मुआवजे और हाथियों को खदेड़ने की मांग की है. झामुमो नेता जितेन कुमार के सुचना पर फॉरेस्टर द्वारा नुकसान का जायजा लिया गया और प्रभावित ग्रामीणों से मुआवजा के लिए आवेदन मांगे गए. झामुमो नेता ने बताया जंगली हाथियों का झुण्ड पास के ही बुरुडीह टुंगरी में शरण लिये हुए है.

## ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज चेस टूर्नामेंट में चयनित हुए शारीरिक शिक्षक विकास



**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय अकौन के शारीरिक शिक्षक विकास कुमार का चयन ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज चेस टूनामेंट के लिए हुआ है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में वे झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।श्री विकास कुमार की इस उपलब्धि से पूरे जिला में खुशी की लहर है। यह चयन न केवल विद्यालय बल्कि पूरे चतरा जिला के लिए गौरव की बात है। उनकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण ने यह मुकाम दिलाया है।इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खेल संघ एवं विद्यालय परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की है। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री विकास कुमार प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य एवं जिले का नाम रोशन करेंगे।विद्यालय परिवार ने इसे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया और कहा कि उनकी सफलता से छात्र-छात्राओं में खेल के प्रति उत्साह और बढ़ेगा।

## कुंदा में सक्रिय हुए भाकपा माओवादी के उग्रवादी

### पुलिस दलाली के आरोप में कुंदा के गेंद्रा गांव में श्याम भोक्ता के घर पर चिपकाया पोस्टर

संवाददाता

**चतरा :** जिले में प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी ने पुनः पैर पसारना शुरू कर दिया है। 28-29 दिसंबर 2025 की मध्य रात्री कुंदा के गेंद्रा में नक्सली देवेंद्र गंझू और चूरामन गंझू की हत्या के बाद बीते बुधवार की रात्रि में नक्सलियों ने गेंद्रा गांव में श्याम भोक्ता को दोषी मानते हुए पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर पोस्टरबाजी की है। नक्सलियों ने पोस्टर में श्याम भोक्ता को देवेंद्र गंझू और चूरामन गंझू को हत्यारा बताते हुए पूरे परिवार को गोली मारने की धमकी



दी है। पोस्टर में श्याम भोक्ता को सपरिवार गांव छोड़कर भागने को कहा गया है। पोस्टरबाजी की घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ज्ञात हो कि 28-29 दिसंबर की मध्य रात्री नक्सलियों ने देवेंद्र गंझू के नेतृत्व में श्याम भोक्ता को मारने के उद्देश्य से घर पर हमला किया था। इस हमले में नक्सली देवेंद्र और चूरामन की मौत हो गई थी,वहीं श्याम भोक्ता और उसका साला गोपाल गंझू घायल हो गए थे। हमले प्रकरण में



पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने पूरे घटनाक्रम को भूमि विवाद से जुड़ा मामला बताया था। एसपी ने कहा था कि श्याम भोक्ता भूमि की खरीद बिक्री का काम करता था। एक भूमि की खरीद के लिए श्याम भोक्ता ने नक्सली देवेंद्र से पैसा लिया था। परंतु भूमि की रजिस्ट्री नहीं करवा रहा था। इसी विवाद के कारण गोलीबारी की घटना हुई थी। गोलीबारी मामले में नक्सली देवेंद्र गंझू के सहयोगी मोहन गंझू को गिरफ्तार किया था। वहीं दूसरी ओर पोस्टरबाजी मामले में एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि क्षेत्र में कहीं भी भाकपा माओवादी की सक्रियता नहीं है। जहां तक मृतक देवेंद्र गंझू और चूरामन गंझू की बात है तो, दोनो टीएसपीसी के उग्रवादी थे। इस परिस्थित में भाकपा माओवादी के नाम से पोस्टर चिपकाना एक षड्यंत्र का हिस्सा हो सकता है।

### राजकीय इटखोरी महोत्सव - 2026

## प्रचार रथ रवाना, वाटर स्पोर्ट्स, 500 ड्रोन शो और सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता

**चतरा :** 19, 20 एवं 21 फरवरी को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सवझ्र2026 को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। महोत्सव के प्रचार-प्रसार को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी द्वारा दो प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये प्रचार रथ जिले के सभी प्रखंडों में भ्रमण कर आमजनों को महोत्सव की तिथियों एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देंगे।उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव को विशेष रूप से आकर्षक एवं बहुआयामी स्वरूप दिया गया है। 19 एवं 20 फरवरी को इटखोरी



स्थित बक्सा डैम में आमजनों के लिए निःशुल्क विभिन्न वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि प्रतिभागियों एवं दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।इसी क्रम में 19 एवं 20 फरवरी को लक्षणपुर भेड़ी फॉर्म डैम में रोमांचक पैरा-ग्लाइडिंग की भी व्यवस्था की गई है, जो युवाओं एवं पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।महोत्सव के दौरान प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बॉलीवुड के जाने-माने कलाकारों के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों से आमंत्रित कलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। लोक नृत्य, लोकगीत, पारंपरिक एवं आधुनिक कार्यक्रमों के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की जाएगी।

21 फरवरी को माँ भद्रकाली मंदिर स्थित महाने नदी के तट पर भव्य संध्या आरती (गंगा आरती) का आयोजन किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संगम का अद्भुत अवसर होगा।

इसके अतिरिक्त महोत्सव में 500 ड्रोन के माध्यम से भव्य ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा, जो आधुनिक तकनीक और सांस्कृतिक प्रस्तुति का अनूठा संगम होगा। यह ड्रोन शो आकाश में आकर्षक आकृतियों एवं संदेशों के माध्यम से दर्शकों को रोमांचित करेगा और महोत्सव की शोभा को और बढ़ाएगा।जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सपरिवार इस ऐतिहासिक महोत्सव में शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं तथा इसे सफल बनाने में सहयोग करें।उक्त मौके पर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी कैलाश राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# रांची समाहरणालय को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची से एक बड़ी खबर सामने आई है। रांची समाहरणालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह अलर्ट हो गया है। धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी, जिसमें सल्फरनाइट्रेट बम का इस्तेमाल कर पूरे परिसर को उड़ाने की बात कही गई है। ईमेल में यह भी दावा किया गया है कि बीडीडीएस की टीम भी इस बम का पता नहीं लगा पाएगी।

धमकी की सूचना मिलते ही कोतवाली डीएसपी समेत वरीय पुलिस अधिकारी और बीडीडीएस की टीम तत्काल समाहरणालय परिसर पहुंची। सुरक्षा एजेंसियों ने




पूरे परिसर को अपने कब्जे में लेकर सघन जांच अभियान शुरू कर दिया। परिसर के सभी प्रवेश और निकास द्वारों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। आने-जाने वाले लोगों की जांच के साथ-साथ संदिग्ध वस्तुओं की बारीकी से तलाशी ली जा रही है।

एहतियातन परिसर में मौजूद कर्मियों और आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। पुलिस की ओर से डॉग स्क्वॉड और तकनीकी टीम की भी मदद ली जा रही है ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते निष्क्रिय किया जा सके।प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, यह पहला मौका नहीं है जब राजधानी में किसी सरकारी भवन को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई हो। इससे पहले रांची सिविल कोर्ट को भी इसी तरह की धमकी मिल चुकी है, जिसके बाद व्यापक स्तर पर जांच की गई थी।

हालांकि उस समय जांच में कोई विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई थी।फिलहाल पुलिस ईमेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी है। साइबर सेल को भी सक्रिय कर दिया गया है और ईमेल के स्त्रोत की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले को गंभीरता से लिया गया है और सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक नहीं होने दी जाएगी।

घटना के बाद समाहरणालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल कुछ समय के लिए बना रहा, लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। जांच पूरी होने तक सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाएगी।

# महापौर प्रत्याशी रमा खलखो के समर्थन में कांग्रेस समिति की बैठक



मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची से महापौर प्रत्याशी रमा खलखो के समर्थन में आज चुटिया प्रखंड कांग्रेस समिति की बैठक अध्यक्ष प्रशांत गौरव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पोद्दार धर्मशाला में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने उनके लिए हरसंभव मदद करनेको लेकर आश्वस्त किया।

सभा में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित ज्योति सिंह मथारु, उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग,नगर निगम चुनाव प्रभारी शशि भूषण राय,अरुण चावला,महानगर कांग्रेस उपाध्यक्ष सह चुटिया प्रखंड प्रभारी,आदित्य विक्रम जायसवाल,वार्ड 13 के पार्षद प्रत्याशी पवन तिर्की,विजय तिर्की,कृष्णा सहाय,अशोक महतो,संजीव महतो,अंशुल माला महतो,राजेश साहू,टल्लू राम,महेश राय,विकास सिंह,नीतीश तिर्की,विवेक सिंह,रवि गोस्वामी,अरविंद मुंडा व अन्य ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन दीपेश पाठक,प्रदेश उपाध्यक्ष कोयलांचल स्टील कामगार यूनियन ने किया।

# श्रृंगी नर्मदेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की भक्ति धारा में सराबोर हुए भक्तजन

## श्रृंगी नर्मदेश्वर न्यास के तत्वावधान में तीन दिवसीय आयोजन संपन्न



**रांची:** श्रृंगी नर्मदेश्वर न्यास के तत्वावधान में तीन दिवसीय श्रृंगी नर्मदेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान भक्ति भावना व धार्मिक वातावरण में श्रद्धालुओं की अपार उपस्थिति में भंडारा, महाआरती, शिव कथा प्रवचन व भक्ति संगीत के साथ संपन्न हो गया। तीन दिनों तक भक्तजन इस भक्ति धारा से सराबोर रहे। पानी टंकी के समीप बड़गाई में आयोजित इस भव्य एवं दिव्य भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि विधान से की गयी। इस क्रम में जल यात्रा, पंचांग पूजन, वेदी पूजन, जलाधिवास, संध्याकालीन महा आरती, शिव कथा प्रवचन, भक्ति संगीत, वेदी पूजन, वेद पाठ, अन्नाधिवास, फलाधिवास, घृताधिवास, विग्रह माहस्नान, नगर भ्रमण, संध्या कालीन महाआरती, शिव कथा प्रवचन, भक्ति संगीत, प्राण प्रतिष्ठा, सामूहिक हवन, पूणार्हुति, भंडारा, संध्याकालीन महा आरती, शिव कथा प्रवचन एवं भक्ति संगीत का आयोजन किया गया। इसमें विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक सुनीता चौधरी, रोशनी खलखो व गणमान्य लोग भी शामिल हुए। इस तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में विनोद कुमार महतो, उमेश कुमार कामदार, बालसहाय महतो, रणविजय सिंह, अशोक साव, विपिन बिहारी प्रसाद , पारस प्रसाद, सुंदर महतो, सुजीत कुमार, मिथिलेश कुमार महतो, लक्ष्मीकांत दे, मदनलाल महतो, अरुण कुमार सिन्हा, महेश कुमार महतो, शत्रुघ्न शर्मा, दुखा तांती, महेश शर्मा ,योगेश्वर महतो, रंजीत कुमार शर्मा, जलाल महतो ,गुप्तेश्वर शर्मा ,दिलेश्वर महतो, लक्ष्मण साव, देवेंद्र कुमार पांडे, अरुण कुमार नायक, दिनेश कुमार शर्मा ,अमरेंद्र महतो, कुशैद्र महतो, विनय कुमार चौबे, नकुल महतो, सुमित केसरी, बैजनाथ महतो, अनिल महतो ,कृष्णा महतो, बस कुमार साव, सुरेंद्र कुमार व रमेश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी ने अपनी -अपनी भूमिका निभाई।

एनएसएस के उत्कृष्ट स्वयंसेवकों से मिले राज्यपाल कहा-

# स्वयं से पहले समाज-युवाओं को सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से जोड़ता है एनएसएस

**रांची:** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज लोक भवन, रांची में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के उत्कृष्ट स्वयंसेवकों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की उपलब्धियाँ पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि कुछ स्वयंसेवकों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ है, कुछ ने नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2026 में झारखण्ड का प्रतिनिधित्व किया तथा कुछ गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह में अतिथि के रूप में सहभागी रहे। यह उनकी प्रतिबद्धता, अनुशासन और सेवा-भाव का प्रमाण है। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि झारखण्ड के स्वयंसेवकों को विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2026 में प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। यह न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि राज्य के लिए भी सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र



स्वयं से पहले समाज , युवाओं को सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से जोड़ता है। स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण, ग्राम विकास, आपदा राहत एवं सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में ठरर स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका सराहनीय है। उन्होंने लोक भवन में स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर में स्वयंसेवकों की सहभागिता की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड शिविर में चयन अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय बैंड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले झारखण्ड के विद्यार्थियों को भी बधाई दी। विदित हो कि पाइप बैंड प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कांके तथा (बालक वर्ग) में कैराली स्कूल, सेक्टर-2 के विजेता बनने एवं ब्रास बैंड (बालक वर्ग) में संत जेवियर हाई स्कूल, लुपुंगुटू, चाईबासा द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त करने को राज्य के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। राज्यपाल महोदय ने स्वयंसेवकों से अपेक्षा की कि यह सम्मान उनके भीतर और अधिक जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न करे तथा वे समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाते रहें। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द जी के प्रेरक वाक्य– उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए , का उल्लेख करते हुए युवाओं को निरंतर प्रयास और उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने का संदेश दिया।



# ऑपरेशन नारकोस के तहत आरपीएफ रांची की बड़ी कार्रवाई, 18 किलोग्राम गांजा बरामद

**रांची:** रांची रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने ऑपरेशन नारकोस के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 18 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस दौरान एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी रांची को सौंप दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रांची मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ रांची द्वारा स्टेशन परिसर में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में ट्रेन संख्या 15027 एक्सप्रेस के रांची आगमन के बाद प्लेटफार्म संख्या 01 पर एक पुरुष और एक महिला संदिग्ध एवं घबराई हुई अवस्था में बैठे पाए गए।

संदेह के आधार पर पूछताछ करने पर दोनों ने अपनी पहचान राजू कुमार (उम्र लगभग 29 वर्ष), पिता - लल्लू सिंह, निवासी -गिरधरपुर, थाना - करगहर, जिला - रोहतास (बिहार) तथा छोटी कुमारी (उम्र लगभग 21 वर्ष), पिता - गोपाल कहार, निवासी -सोनाडीह, थाना-करगहर, जिला - रोहतास (बिहार) के रूप में बताई।

जब उनके पास रखे बैग के बारे में पूछताछ की गई तो दोनों ने स्वीकार किया कि बैग में प्लास्टिक में लिपटा गांजा रखा हुआ है। मामले की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त रांची अशोक कुमार सिंह को दी गई, जो तत्काल मौके पर पहुंचे। उनके निदेर्शानुसार विधि-सम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए दोनों की व्यक्तिगत तलाशी एवं बैग की जांच की गई।

जांच के दौरान राजू कुमार के पास से भूरे प्लास्टिक में लिपटे 10 पैकेट तथा छोटी कुमारी के पास से 8 पैकेट गांजा बरामद किया गया। मौके पर वजन करने पर कुल 18 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 9 लाख रुपये आंकी गई है।

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि गांजा और रेलवे टिकट उन्हें संबलपुर (ओडिशा) निवासी बिस्नु नामक व्यक्ति से मिला था। उन्हें यह खेप सासाराम रेलवे स्टेशन पर गिरधरपुर निवासी बिट्टू चंद्रवंशी को, छोटू सिंह (निवासी - गिरधरपुर, थाना - करगहर, जिला - रोहतास, बिहार) के माध्यम से सौंपनी थी।

आरपीएफ ने बरामद गांजे को जब्त कर विधिवत सील कर दिया और दोनों आरोपितों को जब्त माल के साथ अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी रांची को सौंप दिया।

इस सराहनीय कार्रवाई में आरपीएफ पोस्ट रांची के निरीक्षक शिशुपाल कुमार, स्टाफ मोहम्मद आलिम एवं वर्षा मुंडा तथा फ्लाइंग टीम रांची के सहायक उपनिरीक्षक अनिल कुमार, स्टाफ राजकुमार सिंह और दिनेश प्रसाद की विशेष भूमिका रही।

आरपीएफ की इस कार्रवाई से रेलवे स्टेशन परिसर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त संदेश गया।

# रांची नगर निगम चुनाव




मेट्रो रेज

## वार्ड 16 में स्वच्छ और पारदर्शी नेतृत्व का वादा, सरफराज आलम ने मांगा जनसमर्थन



**रांची:** नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड नं. 16 में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। वार्ड से प्रत्याशी सरफराज आलम ने क्षेत्र के विकास और पारदर्शी प्रशासन का संकल्प लेते हुए मतदाताओं से समर्थन की अपील की है। सरफराज आलम ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य वार्ड को भ्रष्टाचार और अत्याचार से मुक्त बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जनता उन्हें अवसर देती है तो वार्ड की बुनियादी समस्याओं–सड़क, नाली, स्वच्छता, पेयजल और अन्य जनसुविधाओं–का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

उन्होंने अपने चुनावी नारे न भ्रष्टाचार, न अत्याचार को दोहराते हुए कहा कि वे ईमानदार और जवाबदेह नेतृत्व देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही उन्होंने शिक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल बताया। सरफराज आलम ने मतदाताओं से अपील की है कि वे क्रम संख्या 04 पर चुनाव चिन्ह मोतियों का हार पर मुहर लगाकर उन्हें विजयी बनाएं, ताकि वार्ड 16 को विकास की नई दिशा दी जा सके।

चुनाव को लेकर वार्ड में जनसंपर्क अभियान भी तेज कर दिया गया है और समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है।

## वार्ड 23 से नीलोफर मोख्तार मैदान में — सेवा भी, समर्पण भी, 18 वर्षों का भरोसा



**रांची :** रांची नगर निकाय चुनाव 2026 के अंतर्गत वार्ड संख्या 23 से पार्षद पद की प्रत्याशी नीलोफर मोख्तार ने जनता से समर्थन की अपील की है। आपकी बहन, आपकी बेटी के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली नीलोफर मोख्तार क्रम संख्या 2 पर चुनाव चिन्ह बेबी वॉकर के साथ चुनाव मैदान में हैं। नीलोफर मोख्तार ने अपने संदेश में कहा कि उनका लक्ष्य वार्ड संख्या 23 को स्वच्छ, सुरक्षित और विकासशील बनाना है। उन्होंने 18 वर्षों के भरोसे और जनसेवा के अनुभव को अपनी ताकत बताते हुए कहा कि वार्ड में शिकायत निवारण एवं नियमित जनसुनवाई की प्रभावी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने अपने प्रमुख मुद्दों में रोड एवं नाली निर्माण, स्वच्छ एवं सुरक्षित वार्ड, हर घर तक स्वच्छ पानी की व्यवस्था, पक्की सड़कों का निर्माण तथा सभी सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभुकों तक पहुंचाने को प्राथमिकता बताया।

उन्होंने कहा, जहां बात विकास की हो, वहां नीलोफर मोख्तार हो। हमारा संकल्प है– काम से नाम की पहचान, हर गली और हर घर तक विकास की रोशनी पहुंचाना।ह्व नीलोफर मोख्तार के समर्थन में उनके पति इमरान हसन (बाबू) ने भी वार्ड की जनता से अपील की है कि वे बेबी वॉकर चुनाव चिन्ह पर मोहर लगाकर उन्हें विजयी बनाएं और वार्ड 23 को विकास की नई दिशा दें।

## स्वच्छ नेतृत्व और विकास का संकल्प लेकर मैदान में शबाना प्रवीन



**रांची :** राँची नगर निगम चुनाव 2026 के तहत वार्ड से भावी प्रत्याशी शबाना प्रवीन ने अपने विकास संकल्प के साथ जनता के बीच कदम बढ़ाया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनका उद्देश्य केवल वादे करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करके वार्ड की तस्वीर बदलना है। शबाना प्रवीन ने अपने संकल्प पत्र में वार्ड में सड़क और नाली निर्माण को प्राथमिकता देने, बिजली एवं पानी की समस्याओं को दूर करने तथा वार्ड से जुड़ी हर छोटी-बड़ी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ नेतृत्व और पारदर्शी कार्यशैली के माध्यम से वार्ड के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि क्रम संख्या 06, चुनाव चिन्ह ब्लैक बोर्ड पर मोहर लगाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं और अपने वार्ड के विकास में भागीदार बनें। निवेदक जावेद अख्तर (पूर्व) ने भी वार्डवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने वार्ड के उज्ज्वल भविष्य और विकास के लिए मतदान अवश्य करें।

# डॉ रानी ठाकुर ने दिल्ली में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

## झारखंड के किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा



मेट्रो रेज

**रांची/नई दिल्ली:** भाजपा प्रदेश झारखंड किसान मोर्चा के सहकारिता प्रकोष्ठ की सह संयोजक डॉक्टर रानी ठाकुर ने दिल्ली में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड के किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के क्रम में डॉक्टर रानी ठाकुर ने राज्य के किसानों को कृषि संसाधन, उचित समर्थन मूल्य, सिंचाई व्यवस्था और सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड के किसान कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिनके समाधान के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर समन्वित प्रयास जरूरी है। इसके साथ हीं प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के हित में लाई गई जी रामजी विकास जी योजना पर भी चर्चा की गई। डॉक्टर ठाकुर ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और इसके अधिक से अधिक किसानों तक इसका लाभ पहुंचाने की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि किसानों के हितों की रक्षा और उनके उत्थान के लिए भाजपा किसान मोर्चा प्रतिबद्ध है तथा झारखंड के किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। यह मुलाकात किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के लिए झारखंड भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू सहित मोर्चा के पदाधिकारियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की है। यह जानकारी भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने दी।

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

### सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–अनुराधा कुमारी, उम्र लगभग–17.5 वर्ष, ऊँचाई–5 फीट, 2 ईंच, रंग–गोरा

पहनावा–सफेद–हल्का काला छिट रंग का कुर्ती एवं क्रीम रंग का पायजामा पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता लड़की अनुराधा कुमारी, उम्र लगभग–17.5 वर्ष, पिता–सत्यबीर कुमार, पता–ग्राम तेतरी टोली जोरार, बधवा स्कूल के पास, थाना–नामकुम, जिला–राँची जो दिनांक–18.06.2025 को घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में नामकुम थाना काण्ड संख्या–202/2025, दिनांक–02.07.2025,धारा–137(2)/96 बी0एन0एस0 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID**(mc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, मु0, द्वितीय, राँची। – 9431706141

थाना प्रभारी नामकुम, राँची। – 9431706173

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 372786 Police(25-26).D

## सूक्ति

**सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो**
**अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर**

## भारत में भी हो जंक फूड को लेकर ब्रिटेन जैसी पहल

**बच्चों** के आहार में पौष्टिक तत्वों के बजाय हानिकारक जंक फूड शामिल होने से मोटापे और उससे जुड़ी बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। चिकित्सक लगातार चेतावनी भी दे रहे हैं कि आज अधिकांश बच्चे पौष्टिक भोजन की जगह जंक फूड और कार्बोनेटेड पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं, जिससे उनमें मोटापा, कमजोरी और मानसिक अवसाद जैसी समस्याएं देखने को मिल रही हैं। इतना ही नहीं, गर्भवती महिलाएं भी इस जीवनशैली से अछूती नहीं हैं, जिसका सीधा असर गर्भस्थ शिशु के विकास पर पड़ रहा है। जंक फूड के इन्हीं खतरों से जुड़ी चिंता ब्रिटेन में लागू उस आदेश में झलकती है जिसके तहत वहां सरकार ने रात 9 बजे से पहले टीवी व ऑनलाइन प्लेफॉर्म्स पर जंक फूड के विज्ञापनों पर पूरी तरह रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध उन खाद्य उत्पादों पर लागू हो गया है जिनमें फैट, नमक व चीनी की मात्रा अधिक होती है। भारत में भी इन मामलों में सख्ती बरतने की जरूरत है। यह तथ्य सर्वविदित है कि बच्चे जो देखते हैं उसे अपनाने की कोशिश सबसे पहले करते हैं। रंगीन पैकेजिंग, कार्टून पात्र और आकर्षक स्लोगन उन्हें लुभाते हैं। विज्ञापनों से सबसे ज्यादा बच्चों के प्रभावित होने की वजह भी यही है। विज्ञापनों के प्रति ऐसे आकर्षण का ही नतीजा है कि पौष्टिक भोजन पीछे छूट जाता है और बच्चों की थाली में जंक फूड उनकी पहली पसंद के रूप में सामने आता है। ऐसे आकर्षण की रोकथाम के लिए ब्रिटेन सरकार ने जो कदम उठाया है उसमें व्यावसायिक हितों से ज्यादा बच्चों की सेहत की चिंता की गई है। जबकि हमारे यहां गुमराह करने वाले विज्ञापनों पर जारी दिशा-निदेशों तक की पालना ठीक से नहीं हो पा रही है। ऐसे में जंक फूड से जुड़े विज्ञापनों का समय तय करना भी एक बड़ी चुनौती है। स्कूलों के आसपास जंक फूड की बिक्री रोकने के आदेश भी कागजी ही साबित होते दिख रहे हैं। हमारे यहां तो स्कूल तक में बच्चों के टिफिन में पौषक तत्व कम बल्कि सेहत के लिए खतरा बनने वाले जंक फूड ज्यादा होते हैं। हैरत की बात यह है कि घर-परिवारों में भी बच्चों की सेहत की चिंता नहीं की जा रही और उन्हें जंक फूड खिलाने से परहेज नहीं किया जा रहा। यह सब उस संकट के बीच है जब बच्चों के पास खेल-कूद का समय व खेल मैदान पहले ही कम होते जा रहे हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बच्चे ही नहीं बल्कि हर वर्ग के लिए भले ही जंक फूड स्वाद बढ़ाने वाले हों, लेकिन सेहत की दृष्टि से देखें तो ये एक तरह से बीमारियों के दरवाजे हैं। वक्त आ गया है जब ब्रिटेन की तरह भारत में भी ऐसे विज्ञापनों के प्रसारण व समय दोनों को नियंत्रित किया जाए। बच्चों को दादी-नानी के जमाने के पौष्टिक व्यंजनों के बारे में अवगत कराना जरूरी है। स्कूली स्तर से ही यह काम बेहतर तरीके से हो सकता है। समाज, सरकार और अभिभावकों को मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि बच्चों को सेहतमंद रखा जा सके।

## बेघर होने के संकट के साथ शिक्षा-स्वास्थ्य पर भी असर

**सरकारी** जमीन पर अतिक्रमण की समस्या कोई आज की नहीं है और किसी एक जगह की भी नहीं है। देशभर में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर मकान-दुकान खड़े करने के मामले सामने आते रहे हैं। सड़कों का जाल बिछाने, इन्हें चौड़ी करने तथा दूसरी सरकारी परियोजनाओं के लिए जमीन की जरूरत पड़ती रहती है। ऐसी जमीन पर कई लोग अतिक्रमण कर काबिज हुए दिखते हैं। हाउसिंग एंड लैंड राइट नेटवर्क नामक संगठन का यह खुलासा चौंकाने वाला है कि वर्ष 2017 से 2023के बीच करीब साढ़े तीन लाख मकानों को तौड़ने की नौबत आई है। इससे भी बड़ी चिंता यह भी कि अभी करीब 1.7 करोड़ लोगों के घर टूटने के दायरे में हैं। वजह अतिक्रमण हटाने व विकास परियोजनाओं के लिए जरूरत दोनों ही हैं। विकास के लिए कई बार राह में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए विध्वंस की कार्रवाई जरूरी हो जाती है। इसके लिए सरकारों की समुचित पुनर्वास योजनाएं भी होती हैं। लेकिन बड़ा संकट साफ-सुथरी सरकारी जमीन पर भी अतिक्रमण कर हुए निर्माण कार्यों का है जिनमें अधिकांश में रहवास भी होने लगता है। बेघर होने से बड़ा दर्द कोई नहीं हो सकता। यह संकट सीधे तौर पर स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को भी प्रभावित करने वाला होता है। बच्चे पढ़ाई से वंचित होते हैं तो महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करने लगती हैं। ऐसे परिवारों का आर्थिक रूप से टूटना तो तय ही होता है। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कोई एक-दो दिन में नहीं होता। जाहिर है जब जिम्मेदार बेखबर होते हैं तो भू-माफिया की गिद्ध दृष्टि ऐसी जमीनों पर पड़ती है। कई बार गांव-कस्बों से पलायन करने वाले परिवार खाली जमीन पर पहले अस्थायी रूप से बसते हैं और ऐसी ही अनदेखी के चलते धीरे-धीरे वे अपना घर भी बना लेते हैं। जिम्मेदार तो तब ही हरकत में आते हैं जब या तो कोई हादसा होता है या फिर विकास कार्यों के दौर में इन्हें हटाने की जरूरत पड़ती है। महज सात साल में 16 लाख लोगों के बेघर होने का आंकड़ा छोटा नहीं है। इनमें भी 58 फीसदी ज्यादा के बेघर होने की वजह अतिक्रमण ही है। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामलों की मिलीभगत से अनदेखी होती है, यह भी किसी से छिपा नहीं है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को सिर्फ प्रशासनिक कार्रवाई मानना ही काफी नहीं। पहले अतिक्रमण कर बनाए घरों के निर्माण में हुआ खर्च और बाद में इन्हें हटाने की लागत को भी जोड़ें तो यह नुकसान देश का ही है। किसी सरकारी प्रोजेक्ट की घोषणा तथा उसे क्रियान्वित करने के बीच लंबा अंतराल भी अतिक्रमण की समस्या को बढ़ाता है। जरूरत ऐसी नीति बनाने की है जिसमें अतिक्रमण रोकने की शुरू से ही व्यवस्था हो। सरकारी सिस्टम में जो अतिक्रमण को बढ़ावा देने वाले हों उन पर भी सख्ती की जरूरत है, तब जाकर ही लोग बड़ी संख्या में बेघर होने से बचेंगे।

# उत्कृष्टता की ओर अग्रसर स्वदेशी रक्षा प्रणाली

**उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में बन रहे दो रक्षा उत्पादन केंद्रों ने निजी और सरकारी क्षेत्र के निर्माण को गति दी है। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में रुपए 21083 करोड़ का ऐतिहासिक रक्षा निर्यात किया, जो गत वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत अधिक है ।**

**विकेश कुमार बडोला**

आधुनिक युग में विश्व के किसी भी राष्ट्र की महत्ता जिन शक्तिशाली संसाधनों के आधार पर निर्धारित होती है, उनमें युद्धक अस्त्र-शस्त्र प्रथम हैं। भारत के संदर्भ में विचार किया जाए तो गत साढ़े आठ दशकों से इस दिशा में यहां उत्तरोत्तर प्रगति होती रही। हमारे रक्षा वैज्ञानिकों, अनुसंधानकर्ताओं तथा अन्यान्य संबद्ध कर्मचारियों ने राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ मिलकर इस संबंध में अविस्मरणीय कार्य किए हैं। विशेषकर गत चौदह-पंद्रह वर्षों में रक्षा अनुसंधान, निर्माण, उत्पादन, मित्र राष्ट्रों के साथ सहयोग पर आधारित आधुनिक रक्षण प्रणालियों की खोज व निर्माण तथा अंततः रक्षा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर होने के बाद निर्यात में भी अग्रिम पंक्ति के देशों में सम्मिलित होने की उपलब्धि सराहनीय है। भारत की स्वदेशी रक्षा प्रणाली पिछले एक दशक में आयात निर्भरता से आत्मनिर्भरता की ओर तीव्रतापूर्वक बढ़ी है। सन 2026 तक भारत ने रक्षा क्षेत्र में न केवल अपनी तकनीकी व प्रौद्योगिकीय क्षमता को सिद्ध किया है, बल्कि हमारा देश वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख रक्षा निर्यातक के रूप में भी उभरा है। आज यहां आधुनिक अस्त्र-शस्त्रों का बड़े पैमाने पर नवोन्नत ढंग से निर्माण हो रहा है। नित नवीन स्वदेशी रक्षा प्रणालियां विकसित की जा रही हैं। इस क्षेत्र में मित्र देशों के साथ खोज से लेकर उत्पादन तक उपयोगी साझेदारियां भी की जा रही हैं। वर्तमान में देश की आधुनिक प्रक्षेपास्त्र (मिसाइल) प्रणाली एक बड़ी उपलब्धि है। यह प्रक्षेपास्त्रीय तकनीक विश्व की सबसे उन्नत प्रणालियों में से एक है। इस उन्नतिकरण में इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम की विशाल भूमिका रही है।

इसके अंतर्गत अग्नि-5 और अग्नि-6 अति उल्लेखनीय है। इस वर्ष तक भारत की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता अत्यधिक परिष्कृत हो चुकी है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित अग्नि-5 की मारक क्षमता 5000 किलोमीटर से अधिक है। इस प्रयास से प्रेरित होकर अब अग्नि-6 का निर्माण हो रहा है, जो मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल रीएंट्री व्हीकल तकनीक से युक्त है। गत वर्ष मई माह में ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के साथ हुए अल्पावधि के युद्ध में देशवासियों ने ब्रह्मोस प्रक्षेपास्त्र का युद्धक प्रदर्शन देखा ही था, कि कैसे इस वायु अस्त्र ने शत्रु देश के चिन्हित ठिकानों को ध्वस्ताधूत किया था। ब्रह्मोस दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। भारत अब इसके हाइपरसोनिक संस्करण ब्रह्मोस-दो पर काम कर रहा है, जो मैक 7 से अधिक गति प्राप्त करने में सक्षम है। प्रलय मिसाइल का भी उल्लेख हो रहा है। यह एक कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे विशेष रूप में पारंपरिक युद्ध के लिए डिजाइन किया गया है। यह चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर भारत की आक्रामक क्षमता में वृद्धि करती है। राष्ट्र की वायु रक्षा प्रणाली भी प्रशंसनीय है। शत्रु के वायु मार्गीय आक्रमणों को वायुक्षेत्र में ही नष्ट करने के लिए भारत ने एक बहुस्तरीय सुरक्षा कवच तैयार किया है। इसके अंतर्गत पहले वर्णन आता है आकाश का। यह कम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है, जिसके नए संस्करण आकाश प्राइम में स्वदेशी एक्टिव रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर लगा है। वीशॉर्ड्स नामक एक मैनपैड मिसाइल भी भारत में बनी है। ये बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है, जो युद्धक प्रतिरोध के लिए विश्वसनीय होने के साथ-साथ पर्वतों में सैनिकों द्वारा सुगमता से कंधे पर लादकर उपयोग की जा सकती है। समर का उल्लेख भी आवश्यक है। ये भारतीय वायु सेना द्वारा विकसित प्रणाली है, जो पुरानी रूसी मिसाइलों को आधुनिक लॉन्चर के साथ जोडकर बनाई गई है। इस समय स्वदेशी लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर के विनिर्माण में भी तेजी आई है। भारतीय वायु सेना मेक इन इंडिया के अंतर्गत विकसित विमानों पर अधिक भरोसा कर रही है। इस श्रृंखला का महत्त्वपूर्ण अंग है तेजस।

तेजस एमके1ए एवं एमके2 भी नवोन्नत विमान हैं। यह एक हल्का, चौथी पीढ़ी का बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है। इस वर्ष तेजस मार्क-2 का उत्पादन और परीक्षण अंतिम चरणों में है, जो राफेल के स्तर की तकनीक से लैस है। इसके अतिरिक्त एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट भी भारत का पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर प्रोग्राम है। यह दुश्मन के रडार से बचने की क्षमता रखता है। साथ ही एलसीएच प्रचंड भी रक्षा हेतु एक अति उपयोगी अस्त्र है। ये दुनिया का एकमात्र लड़ाकू हेलीकॉप्टर है जो 5000 मीटर की ऊंचाई (सियाचिन जैसे क्षेत्रों) पर आवश्यकतानुसार उतर सकता है और उड़ान भर सकता है। थल एवं नभ ही नहीं, अपितु समुद्र में भी स्वदेशी रक्षा शक्ति नित नवीन उपलब्धियां अर्जित कर रही है। इस आलोक में भारतीय नौसेना का लक्ष्य 2030 तक पूरी तरह स्वदेशी जलयान का निर्माण करना है। हालांकि आईएनएस विक्रांत इस लक्षित कार्य की दिशा में पहले से अर्जित एक उपलब्धि है ही। यह भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत है, जिसने भारत को उन विशिष्ट देशों की पंक्ति में खड़ा कर दिया है जो 40000 टन से अधिक भार के विशाल जलयान बना सकते हैं। इस श्रृंखला में आईएनएस अरिहंत का उल्लेख भी अनिवार्य है। ये वे स्वदेशी परमाणु पनडुब्बियां हैं, जो भारत की न्यूक्लियर ट्रायड (जल, थल और नभ से परमाणु हमले की क्षमता) को पूर्ण करती हैं। साथ ही प्रोजेक्ट 75-आई के तहत भारत में ही अत्याधुनिक डीजल-इलेक्ट्रिक चालित पनडुब्बियों का निर्माण किया जा रहा है। आईएनएस विक्रांत के सफल संचालन के बाद भारत अब दूसरे स्वदेशी विमान वाहक आईएसी-2 की योजना पर काम कर रहा है। आर्टिलरी और बख्तरबंद वाहन के9 वज्र-टी एक स्वचालित हॉवित्जर तोप है जिसे एलएंडटी ने भारत में निर्मित किया है। धनुष भी महत्वपूर्ण है, जो बोफोर्स का संशोधित संस्करण है। एटीएजीएस 155एमएम/52 कैलिबर दुनिया की सबसे लंबी दूरी तक मार करने वाली तोपों में से एक है। अर्जुन मार्क-1ए भारत का मुख्य युद्धक टैंक है, जो आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों और हंटर-किलर क्षमता से लैस है। युद्धकौशल में वृद्धि हेतु भविष्य की रक्षा तकनीकों का वर्णन यदि होता है तो ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम केंद्र में होते हैं। आधुनिक युद्ध अब धरातल पर सैनिकों द्वारा नहीं, अपितु तकनीक और ड्रोन आधारित हो चुके हैं। इस बिंदु को ध्यान में रख तपस-बीएच-201 तैयार है। यह एक स्वदेशी मीडियम एल्टिट्यूड लांग एंड्युरेंस यानी कि मेल ड्रोन है, जो निगरानी और गुप्त जानकारी एकत्र करने के लिए बनाया गया है। डीआरडीओ ने एक एंटी-ड्रोन सिस्टम डी-4 प्रणाली विकसित की है जो शत्रु के ड्रोन को निष्क्रिय कर सकती है या लेजर से नष्ट कर सकती है। फिलीपींस को ब्रह्मोस की आपूर्ति के

# सोमनाथ : अटूट आस्था के एक हजार वर्ष

**इन्हीं मूल्यों और हमारे लोगों के संकल्प की वजह से आज भारत पर दुनिया की नजर है। दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। वो हमारे इनोवेटिव युवाओं में निवेश करना चाहती है।**

साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनःनिर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे। 1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है। हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे। सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है।

1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था। लेकिन हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया। और हर बार, पीढ़ी दर पीढ़ी, हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला, मंदिर को फिर से खड़ा किया और उसे पुनः जीवंत किया। महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्त्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है। ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। 1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की। उन्होंने कहा, ह्यदक्षिण भारत के प्राचीन मंदिर और गुजरात के सोमनाथ जैसे मंदिर आपको ज्ञान के अनगिनत पाठ सिखाएंगे। ये आपको किसी भी संख्या में पढ़ी गई पुस्तकों से अधिक हमारी सभ्यता की गहरी समझ देंगे। इन मंदिरों पर सैकड़ों आक्रमणों के निशान हैं, और सैकड़ों बार इनका पुनर्जागरण हुआ है। ये बार बार नष्ट किए गए, और हर बार अपने ही खंडहरों से फिर खड़े हुए। पहले की तरह सशक्त। पहले की तरह जीवंत। यही राष्ट्रीय मन है, यही राष्ट्रीय जीवन धारा है।

इसका अनुसरण आपको गौरव से भर देता है। इसको छोड़ देने का मतलब है, मृत्यु। इससे अलग हो जाने पर विनाश ही होगा।ह्ल ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढकर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दिवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया। सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख केएम मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है।

उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रभावी रूप से समर्थन किया था। सोमनाथ पर उनका कार्य, विशेष रूप से उनकी पुस्तक सोमनाथ : द श्राइन इटरनल , अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। जैसा कि मुंशी जी की पुस्तक के शीर्षक से स्पष्ट होता है, हम एक ऐसी सभ्यता हैं जो आत्मा और विचारों की अमरता में अटूट विश्वास रखती है। हम विश्वास करते हैं- नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। सोमनाथ का भौतिक ढांचा नष्ट हो गया, लेकिन उसकी चेतना अमर रही। इन्हीं विचारों ने हमें हर कालखंड में, हर परिस्थिति में फिर से उठ खड़े होने, मजबूत बनने और आगे बढ़ने का सामर्थ्य दिया है। इन्हीं मूल्यों और हमारे लोगों के संकल्प की वजह से आज भारत पर दुनिया की नजर है। दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। वो हमारे इनोवेटिव युवाओं में निवेश करना चाहती है। हमारी कला, हमारी संस्कृति, हमारा संगीत और हमारे अनेक पर्व आज वैश्विक पहचान बना रहे हैं। योग और आयुर्वेद जैसे विषय पूरी दुनिया में प्रभाव डाल रहे हैं। ये स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दे रहे हैं। बहरहाल, सोमनाथ मंदिर हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

# नई चेतना का सृजन

**ओशो**

चिंतन-मनन

हम अब तक के सबसे महत्त्वपूर्ण दौर में जी रहे हैं, क्योंकि यह एक बड़े पतन का समय है। या तो मानवता लुप्त हो जाएगी या फिर जीवन का एक बिलकुल नया तरीका आ जाएगा। ये क्षण अत्यंत नाजुक है, यह मानव जाति द्वारा अब तक सामना किया गया सबसे बड़ा संकट है। इस पृथ्वी को नष्ट करने की क्षमता इतनी विशाल है कि आप कल्पना भी नहीं कर सकते कि हमने किस लिए इतनी विनाशकारी क्षमता एकत्रित की है। यदि मनुष्य बुद्धिमान है, तो उसका संसार एक भिन्न प्रकार का होगा, हर तरह से अधिक प्राकृतिक, अधिक सामंजस्यपूर्ण, अधिक काव्यमय। मेरी इसी आशा से मैं तुम संन्यासियों का सृजन कर रहा हूं। मेरी इसी आशा से मैं एक नई प्रकार की चेतना का सृजन कर रहा हूं। मैं यहां आपको और अधिक ज्ञान देने नहीं आया हूं। मैं यहां आपको सचेत करने, आपको जाग्रत करने आया हूं। संकट का समय खतरनाक होने के साथ-साथ अत्यंत महत्त्वपूर्ण भी होता है, उन लोगों के लिए खतरनाक जिनमें जीवन के नए आयामों को तलाशने का साहस नहीं होता। वे विभिन्न प्रकार के पागलपन में विलीन हो जाते हैं, क्योंकि उनका मन समाज द्वारा निर्मित होता है। अब समाज विलीन हो रहा है, मन स्थिर नहीं रह सकता, उसकी जड़ें समाज में ही हैं। उसे निरंतर समाज से ही पोषण मिलता है, अब वह पोषण लुप्त हो रहा है। लेकिन संकट का समय उन साहसी आत्माओं के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण होता है जिन्होंने कभी समाज की प्रतिष्ठा, उसके सम्मान की परवाह नहीं की, जिन्होंने कभी इस बात की परवाह नहीं की कि दूसरे उनके बारे में क्या सोचते हैं, बल्कि केवल वही किया जो उन्हें सही लगा, जो एक तरह से हमेशा विद्रोही, व्यक्तिवादी रहे हैं। इन लोगों के लिए संकट का समय ही स्वर्णिम होता है। इस वैश्विक आत्महत्या के बाद दुनिया में केवल कुछ ही लोग जीवित रह पाएंगे और वे लोग होंगे जो चेतना में गहराई से जुड़े हुए हैं सतर्क, जागरूक, प्रेमपूर्ण और अतीत से पूरी तरह और बिना शर्त खुद को अलग करने के लिए तैयार हैं और एक बच्चे की ताजगी के साथ नए मनुष्य और नई मानवता की शुरूआत करने के लिए तैयार हैं। मुझे इस बात से बेहद खुशी हो रही है कि दुनिया में ऐसे कई लोग हैं जो अपने भीतर गहराई तक उतरने में सक्षम हैं।

## आपके पत्र

### पानी में भी भ्रष्टाचार का जहर तो नहीं मिल गया?

प्राणी जाति के लिए साफ-सथुरा पानी अमृत है तो दूषित पानी जहर होता है, इसका सेवन करने से बचें। अक्सर देश के विभिन्न राज्यों में दूषित पानी लोगों की सेहत का दुश्मन बन जाता है। आजकल वो शहर इंदौर जिसे स्वच्छ भारत अभियान में नंबर वन का खिताब मिला है, वहां दूषित पानी से लोगों की मौत सुर्खियां बनी हुई हैं। अगर सबसे स्वच्छ स्थान का ही यही हाल बेहाल है तो बाकी राज्यों का क्या हाल होगा?

लेकिन सवाल तो यह है कि आखिर पानी दूषित कैसे हो जाता है? क्या पानी की सप्लाई के लिए जो व्यवस्था है, उसकी समय-समय पर जांच नहीं की जाती? या फिर संबंधित विभाग के बाबुओं को मोटी सैलरी से ही मतलब है? कहीं इसमें भी भ्रष्टाचार तो नहीं हो रहा है?

बीके शर्मा,रांची

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## बरहेट को जल्द मिलेगा पीने का पानी विभाग के कर्मी काम में जुटे



**साहिबगंज/बरहेट :** विगत कई दिनों से बरहेट में पीने के पानी की किल्लत बनी हुई थी। खेरवा डैम से सप्लाई होने वाले पेयजल में समस्या के कारण लोग परेशान थे।बरहेट प्रखंड में झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य सह प्रखंड सचिव मुजीबुर रहमान ने निरीक्षण के दौरान पाया कि बरहेट बाजार के एक घर के अंदर से पानी का पाइप जर्जर हो गया है।इसकी मरम्मती कार्यवाही शुरू कर दी गई है।विभागीय कर्मी इस समस्या को जल्द से जल्द हल करने में जुटे हुए हैं।दो दिन के अंदर मरम्मत पूरी कर पानी की सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

## जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : संजीव शामू



**साहिबगंज/बरहेट :** प्रखंड अन्तर्गत ग्राम खैरवा में आज दिनांक 11 फरवरी 2026 को आदिमजनजाति के लोगों ने तिलका मांझी उर्फ जबरा पहाड़िया के जन्म दिन के शुभ अवसर पर फुटबॉल खेल सहित नगाड़ें नाच,झूमर नाच,पहाड़िया नाच का आयोजन किया जिसमे मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि संजीव शामू हेम्ब्रम,प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख बर्नाड मारांडी,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष देव सोरेन उर्फ बल्लू शामिल हुए बारी बारी से सभी ने तिलका मांझी उर्फ जबरा पहाड़िया के स्टेच्यू को माल्यार्पण किया।संजीव शामू हेम्ब्रम ने सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक कैसे पहुंचे इसके बारे में बताया साथ ही साथ उपरोक्त सभी खेल प्रतियोगिता का प्राइज सामूहिक रूप से वितरण किया गया।मौके पर चुनूं मरांडी,संजय सोरेन,समदा सोरेन उपस्थित थे '

## डीसी ने किया बैडमिंटन कोच को सम्मानित



**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने बुधवार को झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा गुमला में आयोजित मैन सिंगल मास्टर्स श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य चैंपियन का पुरुस्कार प्राप्त करने वाले देवघर के बैडमिंटन कोच अंकेश कुमार को शुभकामनाएं और बधाई दी। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि जिले के युवा खिलाड़ियों को सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करे, ताकि जिले के खिलाड़ी और बेहतर प्रदर्शन करें।

## छत से गिरे सब्जी विक्रेता की शीशा से हाथ की नस कटी, हुई मौत

**मेदिनीनगर :** शहर के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर किला के समीप बुधवार को शीशा से हाथ का नस कटने से 40 वर्षीय दिनेश कुमार की हालत गंभीर हो गई। उसे मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती किया गया जहां उसकी मौत हो गई है। वह चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर मोहल्ला का निवासी था। मेदिनीनगर एमआरएमसीएच स्थित टीओपी की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया है। टीओपी की पुलिसकर्मी विकास कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी पूनम देवी के अनुसार दिनेश कुमार, सब्जी बेचने का काम करते थे। बुधवार को सब्जी बेचकर वापस आकर खाना खाकर छत पर जा रहे थे। एकाएक पैर स्लिप होने से वह सीधे नीचे रखे शीशा पर गिर गए जिसे उनके हाथ का नस कट गया। बाद में उन्हें एमआरएमसीएच लाया गया जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। डॉक्टर के अनुसार अधिक रक्तस्त्राव से मौत हुई है।

## मवेशियों में फैल रही खुरहा बीमारी

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला में गाय, भैंस, भेड़, सूअर में तेजी से खुरहा बीमारी फैल रहा है। इससे पशुओं में तेज बुखार, मुंह, जीभ और खूरों के बीच फफोले पड़ने लगा है। पशुपालक परेशान हैं। हालांकि पलामू जिला में इस वर्ष अभी तक 4 लाख एक हजार 395 पशुओं को फुट एंड माउथ डिजिज का टीका लगाया जा चुका है। इसके कारण पशुपालकों को थोड़ी राहत मिली है। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रभाकर सिन्हा ने बताया कि पलामू जिला में अभी तक खुरहा से प्रभावित पशुओं का कोई शिकायत रिकॉर्ड नहीं हुआ है। हो सकता है कही-कही गांव में पशुओं को खुरहा की बीमारी हुई होगी जिसकी सूचना नहीं है।उन्होंने बताया कि इस वर्ष पलामू जिला में अभी तक 4 लाख एक हजार 395 पशुओं को एफएमडी (फुट एंड माउथ डिजिज) का टीका लगाया जा चुका है। जिला में खुरहा बीमारी से परेशानी बहुत कम है। पशुपालकों को इस बीमारी का आशंका लगता है तो तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क कर पशुओं को इलाज कराएं। इस बीमारी से ग्रसित पशुओं को पहचानने के लिए कहा कि इस बीमारी से ग्रसित पशु के मुंह में दर्द के कारण पशु खाना-पीना और जुगाली करना तक छोड़ देता है, हल्की बुखार लगती है, शरीर पर सूजन भी आ सकता है। पशुपालक महेंद्र यादव ने बताया कि पिछले महीने से उनकी गाय खुरहा हुआ है दवा देने से भी ठीक नहीं हो रही है।

# प्रेम प्रसंग के चक्कर में मां और प्रेमी ने मिलकर कर दी इकलौते बेटे हत्या, गिरफ्तार

**संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** बुधवार को बरहरवा थाना कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल ने बताया कि बीते दिनों बरहरवा थाना क्षेत्र के रतनपुर के 15 वर्षीय किशोर आयुष साह की हत्या की घटना घटित हुई थी ,जिसका खुलाशा हो चुका है।जो सोची समझी साजिश के तहत अंजाम दी गई थी,युवक की हत्या उसकी मां मीनू देवी और उसके प्रेमी रोहित साह ने मिलकर की थी।जबकि रोहित साह महिला का रिश्ते में भांजा है,जो रांगा थाना क्षेत्र के धरमपुर का रहने वाला है।आगे उन्होंने।बताया कि मृतक की माँ मीनू देवी का रोहित साह के साथ अवैध संबंध था,बीते दिनों 7 फरवरी को महिला का पति हेमंत साह कुछ काम से बाहर गया था ऐसे में महिला ने रोहित साह को फोन कर अपने घर बुला लिया ,दोनों घर के पीछे शारीरिक संबंध रहे थे तभी महिला का पुत्र आयुष साह ने दोनों को आपत्तिजनक स्थित में देख लिया।परिवार और अन्य किसी को इस घटना की जानकारी न हो इसके लोए दोनों ने आयुष के गले में रस्सी का फंदा लगाकर उसकी हत्या कर दी तथा शव घर के पीछे तलाबनुमा गड्ढे के किनारे फेक दिया।तत्पश्चात साजिश के तहत घटना के बाद बुधवार की रात महिला ने बेटे की गायब होने की सूचना आसपास के लोगों एवं परिवार को दी,और खोजबीन की एक्टिंग की ताकि किसी को शक न हो ,उसने कहा कि शौचालय जाने की बात कहकर आयुष घर से निकला था,कुछ देर ढूंडने पर



तालाब के किनारे गिरा पाया,इसके बाद इलाज के लिए बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया,फिर उसे पाकुड़ के सोनाजोडी ले कर जाया गया जहाँ चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।गुरुवार को पिता हेमंत साह घर पहुँचे और दाह संस्कार की तैयारी करने में जुट गए,हलाँकि उनकी दो बेटियां भी है।मामले की जानकारी बरहरवा थाना पुलिस को मिलते ही बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह,बरहरवा पुलिस इंस्पेक्टर संतोष कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,अगले दिन मृतक के पिता हेमंत साह ने पुत्र की हत्या की शिकायत दर्ज कराई।जिसके बाद पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई जाँच के बाद पूरा मामला शीशे की तरह साफ हो गया।घटना के सफल उद्भेदन में बरहरवा पुलिस इंस्पेक्टर संतोष कुमार,बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह एएसआई राजनाथ साव,एएसआई रंजय कुमार यादव शामिल थे।पुलिस ने मृतक युवक की माँ मीनू देवी और रोहित साह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# डीसी ने की झारखंड कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा, कहा किसानों को समय पर लाभ मिले



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि विभागान्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत बीज विच वितरण की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बीज वितरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।उपायुक्त ने झारखंड कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा करते हुए पात्र किसानों को समय पर लाभ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही किसान समृद्धि योजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।बैठक में उपायुक्त द्वारा एटीएम व बीटीएम को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अधिक से अधिक किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दें तथा उन्हें लाभ लेने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा जब उसका लाभ अंतिम पंक्ति के किसान तक पहुंचे।समीक्षा के क्रम में वषापात एवं आच्छादन प्रतिवेदन, बीज विनिमय एवं वितरण योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना, एनएफएसएनएम अंतर्गत प्रमाणित बीज वितरण, रसायन निबंधन, झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना, पीएम-आरकेवीवाई-पीडीएमसी, आरकेवीवाई अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता प्रबंधन योजना, डिजिटल फसल सर्वेक्षण, केसीसी किसान क्रेडिट कार्ड झारखंड कृषि ऋण माफी योजना तथा बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषि पाठशाला सहित विभिन्न एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा प्रगति प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण भोक्ता, उप परियोजना निदेशक आत्मा मंटु कुमार सहित एटीएम एवं बीटीएम उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री को शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए किया आमंत्रित



**संवाददाता**

**देवघर :** झारखंड सरकार केमुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड विधान सभा में शिवरात्रि महोत्सव समिति बैद्यनाथधाम-देवघर के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आगामी 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर देवघर में आयोजित होने वाले भव्य शिव बारात कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को शिव बारात आयोजन से संबंधित की जा रही तैयारियों से अवगत कराया तथा मुख्यमंत्री से सपरिवार कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आग्रह किया।

इस अवसर पर देवघर विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनता दल विधायक सुरेश पासवान, शिवरात्रि महोत्सव समिति बैद्यनाथधाम-देवघर के अध्यक्ष अभिषेक आनंद झा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का हो अक्षरशः पालन : हेमंत सती

**संवाददता**

**साहिबगंज :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने आज मध्य विद्यालय पुलिस लाईन में आयोजित नगर निकाय चुनाव-2026 हेतु पीठासीन पदाधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की प्रगति मतदान सामग्रियों के उपयोग की विधि मतपत्र प्रबंधन, सीलिंग प्रक्रिया तथा निर्वाचन संबंधी प्रपत्रों के सही संधारण की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें और किसी भी परिस्थिति में त्रुटि की गुंजाइश न रहे। उन्होंने प्रशिक्षण में अनुशासन,



समयबद्धता एवं व्यवहारिक अभ्यास पर विशेष बल देने का निर्देश दिया।इसके पश्चात उपायुक्त संध्या इंटर विद्यालय पहुंचे, जहां झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित इंटर की परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर परीक्षार्थियों का जायजा लिया तथा परीक्षा संचालन की पारदर्शिता एवं गोपनीयता की जानकारी ली।उपायुक्त ने केंद्राधीक्षक को निर्देशित किया कि परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हो तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखें। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रथम सोपान गाइड प्रशिक्षण सह जांच शिविर का हुआ आयोजन

दुमका : जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड दुमका भूतनाथ रजवार के निदेर्शानुसार भारत स्काउट एवं गाइड दुमका द्वारा संत टेरेसा बालिका उच्च विद्यालय दुधानी में संचालित पाँच दिवसीय प्रथम सोपान गाइड प्रशिक्षण सह जाँच शिविर में भाग लेकर गाइड्स स्काउटिंग के विविध कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। शिविर के तीसरे दिन बुधवार को शिविर प्रधान सह गाइड प्रशिक्षक आग्नेश आभा कुजूर एवं शिविर सहायक अनुराग नन्दन,गुलशन विश्वकर्मा एवं अनुप्रिया मराण्डी द्वारा गाइडों को स्काउट गाइड के जनक, स्काउट गाइड के इतिहास, नियम प्रतिज्ञा, सिद्धान्त, उदेश्य आदि के बारे में जानकारी देते हुए स्काउटिंग के विविध कौशलों जैसे विभिन्न प्रकार के गांठ,पायोनियरिंग प्रॉजेक्ट, प्राथमिक चिकित्सा, बिना बर्तन के खाना बनाना, कैम्फायर, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का प्रशिक्षण दिया गया। संत टेरेसा बालिका उच्च विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर आशा भेंगरा ने बताया कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण सह जाँच शिविर में गाइड्स पूरे मनोयोग से स्काउटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।सिस्टर ने कहा कि बच्चीयों के सर्वांगीण विकास के लिए स्काउटिंग का प्रशिक्षण आवश्यक है। कहा कि स्काउटिंग का प्रशिक्षण लड़कियों को स्वालम्बी बनाने में सहायक है।जिला सचिव विजय कुमार दूबे ने बताया कि भारत स्काउट एवं गाइड का प्लेटफार्म बच्चों को प्रशिक्षण के माध्यम से कठिन समय मे भी जीवन जीने की कला सिखाते हुए एक आदर्श नागरिक बनने में सहयोग करता है। जिला संगठन आयुक्त अपरेश कुमार ने बताया कि इस शिविर में संत टेरेसा बालिका उच्च विद्यालय दुधानी दुमका की गाइड्स भाग ले रही हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार,जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष हेम्ब्रम, संत टेरेसा बालिका उच्च विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर आशा भेंगरा ,भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के वरीय उपसभापति दिवाकर महतो, मुख्य जिला आयुक्त हरिश्चंद्र चौधरी, उपसभापति डॉ0 अजय कुमार गुप्ता, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ0 दिलीप कुमार झा, जिला सचिव विजय कुमार दूबे,कोषाध्यक्ष मानुवेल सोरेन आदि की भूमिका रही।

# सेवा ही मेरा धर्म, गरीबों की आंखों की रोशनी लौटाना ही मेरा संकल्प : बजरंगी यादव

### 350 जरूरतमंदों का होगा नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन

### बजरंगी जैसे समाजसेवियों से ही जरूरतमंदों का हो रहा वास्तविक कल्याण : डॉ. विजय कुमार


**संवाददाता**

**साहिबगंज :** सेवा,संवेदना और संकल्प का अनुकरणीय उदाहरण बुधवार को भरतिया कॉलोनी स्थित अयोध्या धाम परिसर में देखने को मिला,जब समाजसेवी व भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव की ओर से निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगबली प्रसाद यादव,सूर्या सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ.विजय कुमार,रेलवे के सेवानिवृत्त टीटी जी पीसिंह,समाजसेवी सुशील भरतिया,डॉ सुमित कुमार,सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक शंभू नाथ यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर में बड़ी संख्या में नेत्र रोगी, उनके परिजन और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।इस दौरान मरीजों की आंखों की जांच कर ऑपरेशन से संबंधित आवश्यक जानकारियां दी गईं।इस अवसर पर बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि ह्लमानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों की आंखों की रोशनी लौटाना ही मेरा जीवन लक्ष्य है।ह्वउन्होंने बताया कि



साहिबगंज व आसपास के क्षेत्रों में लगातार नेत्र जांच शिविर लगाकर जरूरतमंद मरीजों का इलाज कराया जा रहा है।पूर्व में आयोजित शिविरों के माध्यम से हजारों लोगों की आंखों की जांच, दवा वितरण और करीब दो हजार मरीजों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया गया।शिविर के दौरान 350 मोतियाबिंद मरीजों को चिन्हित किया गया है।इनमें से चरणबद्ध तरीके से दीप आई हॉस्पिटल,साहिबगंज में ऑपरेशन कराए जा रहे हैं।अब तक दर्जनों मरीजों का सफल ऑपरेशन हो चुका है।आयोजकों द्वारा मरीजों के रहने-खाने और देखभाल की पूरी व्यवस्था की गई है।मुख्य अतिथि डॉ.विजय कुमार ने कहा कि ह्लबजरंगी यादव जैसे व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।उनके प्रयास से सैकड़ों लोगों को नेत्र पीड़ा से राहत मिल रही है।ह्वउन्होंने भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं मरीजों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।शिविर के सफल आयोजन में कई समाजसेवियों और कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका रही।मौके पर दारा सिंह यादव कृष्णा शर्मा,राजेश यादव, विनय सिन्हा,ललित सिंह,सत्य प्रकाश सिन्हा सहित कई लोग मौजूद थे।

# धमकी के बाद बढ़ाई गई रणवीर सिंह के घर की सुरक्षा, सोसाइटी की मैनेजिंग कमेटी ने उठाए सवाल



**फेमस बॉलीवुड** एक्टर रणवीर सिंह बीते दिन व्हाट्सएप पर एक अज्ञात वॉइस नोट के जरिए धमकी मिली थी। बताया गया कि संदेश भेजने वाले व्यक्ति ने उनसे करोड़ों रुपये की फिरौती की मांग की थी। इस घटना के सामने आते ही दहशत मच गई। वहीं, पुलिस भी इस मामले को लेकर चौकन्नी हो गई और एक्टर के घर के बाहर कड़ी सुरक्षा प्रदान कर दी गई।

धमकी मिलने के बाद रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने अपने घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। रिपोर्ट्स के अनुसार, उनके निवास के बाहर छह सशस्त्र सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा, यूनिफॉर्म में एक पुलिस अधिकारी भी परिसर में मौजूद रहता है, जो उनकी निजी सुरक्षा टीम का हिस्सा बताया जा रहा है।

सोसाइटी की मैनेजिंग कमेटी ने उठाए सवालः हालांकि, इस अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उनकी हाउसिंग सोसाइटी की मैनेजिंग कमेटी ने आपत्ति जताई है। कमेटी ने दादर पुलिस स्टेशन को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि सोसाइटी से पूर्व अनुमति लिए बिना आवास परिसर के बाहर सशस्त्र सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है।

कमेटी ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी केवल घर के बाहर ही नहीं, बल्कि परिसर के विभिन्न सार्वजनिक हिस्सों–जैसे लॉबी, जिम एरिया और बच्चों के खेलने की जगह–तक देखी गई है। उनके अनुसार, इससे अन्य निवासियों की सुरक्षा भावना और निजता प्रभावित हो सकती है।

पत्र में पुलिस से यह स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया है कि क्या निजी आवासीय परिसर में इस प्रकार की सुरक्षा तैनाती के लिए आधिकारिक अनुमति ली गई है या नहीं। सोसाइटी का कहना है कि किसी भी अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था को लागू करने से पहले प्रबंधन की सहमति आवश्यक होती है।

पुलिस जांच में जुटीः इस बीच, पुलिस उस व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है जिसने कथित तौर पर धमकी भरा वॉइस नोट भेजा और भारी रकम की मांग की। बताया जा रहा है कि करीब 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। फिलहाल, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की ओर से इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक सार्वजनिक बयान जारी नहीं किया गया है। जांच जारी है और पुलिस मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# स्वयंभू टीजर हुआ रिलीज, इतिहास, वीरता और सेंगोल की जंग की देखें शानदार झलक



**स्वयंभू** 2026 की सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली पैन-इंडिया फिल्मों में से एक बन चुकी है, जिसमें कार्तिकेय फेम निखिल सिद्धार्थ लीड रोल में नजर आएंगे। इसे एक भव्य ऐतिहासिक फिल्म के तौर पर बनाया गया है और इसमें संयुक्ता, नाभा नटेश और नवाब शाह भी अहम किरदार निभा रहे हैं। भारतीय इतिहास, आध्यात्मिकता और प्रतीकों से जुड़ी यह फिल्म दमदार विजुअल्स और भावनाओं से भरपूर सिनेमाई अनुभव देने का दावा करती है।

बहुप्रतीक्षित टीजर जारी कर दिया है, जो दर्शकों को इसकी दुनिया की एक झलक दिखाता है। भारत के गौरवशाली स्वर्ण युग की पृष्ठभूमि में सेट यह टीजर विरासत, वीरता और सांस्कृतिक महत्व से जुड़ी कहानी पेश करता है। कहानी के केंद्र में है सेंगोल, एक प्राचीन पवित्र राजदंड, जो धर्म, न्याय और नैतिक नेतृत्व का प्रतीक माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, भगवान राम से जुड़ी कथाओं से प्रेरित यह सेंगोल धर्म के मार्ग पर शासन करने वाले शासक को सौंपा गया था।

कहानी सेंगोल के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां इसे हासिल करने के लिए अलग-अलग राज्यों के बीच भीषण युद्ध और आक्रमण होते हैं। इस उथल-पुथल के बीच एक निडर योद्धा सामने आता है, जो संतुलन और धर्म की स्थापना के लिए संघर्ष करता है। टीजर में निखिल सिद्धार्थ बेहद दमदार नए अवतार में नजर आते हैं, जहां उनका रग्ड लुक और जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस कहानी की तीव्रता को और मजबूत करते हैं।

# बालीवुड फिल्म में धमाल मचाएंगे शिमला के हर्ष जैन

## निर्देशक नभ कुमार राजू की फिल्म में निभाएंगे मुख्य भूमिका



**राजधानी** शिमला के उभरते युवा कलाकार हर्ष जैन के लिए बॉलीवुड से बड़ी उपलब्धि सामने आई है। जाने-माने फिल्म निर्देशक नभ कुमार राजू ने अपनी आगामी बॉलीवुड फिल्म के लिए हर्ष जैन को मुख्य भूमिका में चयनित किया है। इस उपलब्धि से न केवल हर्ष जैन, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के कला और फिल्म जगत में खुशी की लहर है। हर्ष जैन इससे पूर्व गौतम एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित वीडियो एलबम ह्यजोगियाह्न में बतौर हीरो अभिनय कर अपनी प्रतिभा साबित कर चुके हैं। इस एलबम की शूटिंग अर्की व आस पास के इलाकों में की गई है।

इसके अलावा उन्होंने अन्य हिमाचली वीडियो एलबम्स में भी अभिनय किया है, जिससे उन्हें स्थानीय दर्शकों के बीच पहचान मिली। फिल्म की पूरी शूटिंग हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की खूबसूरत वादियों में की जाएगी, जिससे प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने की उम्मीद है।

# रणवीर सिंह के बाद सलमान खान के जीजा आयुष शर्मा को मिली धमकी, जांच में जुटी पुलिस




**बॉलीवुड** इंडस्ट्री से इन दिनों एक के बाद सेलेब्स को धमकी मिलने और हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं। फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग की घटना के बाद एक्टर रणवीर सिंह को व्हाट्सऐप के जरिए धमकी मिलने की खबर आई थी। वहीं, अब सलमान खान के जीजा व एक्टर आयुष शर्मा को कथित तौर पर एक धमकी भरा ईमेल मिलने का मामला सामने आया है।

आयुष शर्मा को मिला धमकी भरा ईमेलः पुलिस सूत्रों के अनुसार, आयुष शर्मा को भेजे गए ईमेल में प्रेषक ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया है। हालांकि इस दावे की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और ईमेल की पूरी सामग्री भी सार्वजनिक नहीं की गई है।

बताया जा रहा है कि आयुष शर्मा की ओर से फिलहाल कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। बावजूद इसके, मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंबई पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ईमेल वास्तव में किसी आपराधिक गिरोह से जुड़ा है या फिर यह किसी शरारती तत्व की साजिश हो सकती है। साइबर टीम ईमेल की तकनीकी जांच कर स्त्रोत और आईपी एड्रेस का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

**रणवीर सिंह को भी मिली थी धमकीः** आयुष को मिली धमकी का मामला एक्टर रणवीर सिंह को मिली धमकी के तुरंत बाद सामने आया। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, रणवीर सिंह के असिस्टेंट को एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप वॉइस नोट प्राप्त हुआ था। उस वॉइस नोट में कथित तौर पर बड़ी रकम की मांग की गई थी।

इंडस्ट्री में बढ़ी चिंताः लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने फिल्म इंडस्ट्री में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। कई कलाकारों और प्रोडक्शन हाउस ने निजी सुरक्षा बढ़ाने और पुलिस से संपर्क में रहने का निर्णय लिया है। प्रशासन भी हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों की सुरक्षा की समीक्षा कर रहा है।

**आयुष शर्मा का करियरः** बता दें, आयुष शर्मा ने वर्ष 2018 में फिल्म लवयात्री के साथ बॉलीवुड में कदम रखा था। इस रोमांटिक फिल्म में उनके साथ वरीना हुसैन नजर आई थीं। इसके बाद उन्होंने कुछ अन्य परियोजनाओं में काम किया। 2024 में रिलीज हुई एक्शन-थ्रिलर रुस्लान में उन्हें प्रमुख भूमिका में देखा गया था।



# रॉयल नेकलेस और पिंक साड़ी में बला की खूबसूरत नजर आयीं परिणीति चोपड़ा, खूबसूरती ऐसी कि तस्वीरों ने नहीं हटेगी नजर

**एक्ट्रेस परीणीति** चोपड़ा बॉलीवुड की चर्चित और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में एक हैं। भले ही एक्ट्रेस काफी समय से किसी फिल्म में नजर नहीं आई, लेकिन वो अपने लुक्स और सोशल मीडिया पोस्ट से अक्सर फैंस का ध्यान खींचती रहती हैं। अब हाल ही में 'मिसेज चड्ढा' ने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जो आते ही इंटरनेट पर छा गई हैं और फैंस उनके इस लुक की खूब तारीफ कर रहे हैं।

शेयर की गई इन लेटेस्ट तस्वीरों में परिणीति चोपड़ा का ट्रेडिशनल लुक देखने को मिल रहा है। पिंक साड़ी में एक्ट्रेस किसी गुलाब के फूल से कम नहीं लग रहीं। इसके साथ उन्होंने फुल स्लीव वाला व्हाइट ब्लाउज पहना है और गले में रॉयल नेकलेस उनके लुक को कंप्लीट कर रहा है।

इस साड़ी लुक के साथ परिणीति ने पंजाबी जुती पहनी। मिनिमल मेकअप और सिंपल हेयरस्टाइल उनके लुक को और भी खास बना रहा है।

इन तस्वीरों को शेयर करते हुए परिणीति चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा- 'अगर मम्मा को दो घंटे के लिए बाहर जाना ही पड़े, तो वो साड़ी पहनकर ही जाए'। एक्ट्रेस के इस पोस्ट पर फैंस भर-भरकर उनकी तारीफ कर रहे हैं और उन्हें इंडस्ट्री की गॉर्जियस मम्मा बता रहे हैं।

काम की बात करें तो परिणीति चोपड़ा को आखिरी बार साल 2023 में फिल्म मिशन रानीगंज में देखा गया था। हालांकि, इन दिनों वो अपने मदरहुड पीरियड को एंजॉय कर रही हैं और बेटे की परवरिश पर पूरा ध्यान दे रही हैं।



# ओ रोमियो के लिए शाहिद कपूर का निर्देशक विशाल भारद्वाज को थैंक्स

**बॉलीवुड** स्टार शाहिद कपूर ने फिल्म ओ रोमियो के निर्देशक विशाल भारद्वाज का आभार व्यक्त किया है। शाहिद कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर निर्देशक विशाल भारद्वाज के साथ एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों ही मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। शाहिद कपूर ने इस शानदार तस्वीर के साथ लिखा कि एक अभिनेता के तौर पर मेरी तरफ से विशाल भारद्वाज के लिए ये है। ओ रोमियो के लिए धन्यवाद। मेरे लिए एक और किरदार, जो मेरी फिल्मोग्राफी में हमेशा के लिए दर्ज हो गया है।

बहुत गर्व है, बहुत खुश हूं और बहुत आभारी हूं। शाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज पहले साथ में फिल्म कमीने (2009), हैदर (2014) और रंगून (2017) में काम कर चुके हैं। विशाल भारद्वाज निर्देशित फिल्म ओ रोमियो में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी लीड रोल में हैं। उनके साथ नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, फरीदा जलाल और अविनाश तिवारी जैसे कलाकार भी हैं। फिल्म ओ रोमियो के निमार्ता साजिद नाडियाडवाला हैं। इस फिल्म को नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। यह फिल्म वेलेंटाइन डे पर 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# आईपीएल 2026 से पहले डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में धमाल मचाएंगे वैभव सूर्यवंशी




**मुंबईः** टीनएज सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी के मुंबई में डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में खेलने की संभावना है। नवी मुंबई में होने वाले इस सालाना कॉम्पिटिशन में हर साल 16 टीमें हिस्सा लेती हैं, और इस सीजन में भारत का अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाला यह स्टार डीवाई पाटिल की किसी एक टीम को रिप्रेजेंट करने के लिए तैयार है। ऑर्गनाइजर आमतौर पर कॉम्पिटिशन में दो टीमें उतारते हैं। सूर्यवंशी और टूर्नामेंट ऑर्गनाइजर के करीबी सूत्रों ने क्रिकबज को बताया है कि प्लेयर की टीम से बातचीत चल रही है और इस युवा खिलाड़ी के टूर्नामेंट में खेलने की संभावना बहुत ज्यादा है। यह आईपीएल सीजन से पहले हो रहा है, और इस साल 23 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में आमतौर पर कई इंटरनेशनल प्लेयर हिस्सा लेते हैं।

सूर्यवंशी, जिन्होंने हाल ही में हरारे में इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ 175 रन बनाए थे, अभी नागपुर के पास तालेगांव में हैं, जहां राजस्थान रॉयल्स की एक फैसिलिटी है। हरारे से आने के बाद, 14 साल का यह खिलाड़ी घर नहीं गया और इसके बजाय आईपीएल सीजन की तैयारी करने लगा। उनके एक करीबी सूत्र ने बताया, वह अभी तालेगांव में प्रैक्टिस कर रहे हैं, जहाँ राजस्थान रॉयल्स का कैंप चल रहा है। कैंप 21 फरवरी तक चलेगा, जिसके बाद सूर्यवंशी पटना और फिर अपने होमटाउन जाएंगे। उनके शहर में एक प्रमोशनल इवेंट है जहां उन्हें एक गाड़ी गिफ्ट किए जाने की उम्मीद है। लगता है यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था और उसके बाद, वह डीवाई पाटिल टूर्नामेंट के लिए मुंबई आ सकते हैं। डीवाई पाटिल स्टेडियम में हर साल होने वाला डीवाई पाटिल टूर्नामेंट, देश के सबसे पुराने टी20 कॉम्पिटिशन में से एक है, जो 2003 में शुरू हुआ था। यह जगह हाल ही में इंडियन और ग्लोबल क्रिकेट के हॉटस्पॉट में से एक रही है। इसने विमेंस वर्ल्ड कप का फाइनल, चल रहे वर्ल्ड कप के कुछ वार्म-अप गेम होस्ट किए हैं, और कुछ आईपीएल मैच भी होस्ट करने की लाइन में है।

# टी20 वर्ल्ड कप : आज बड़े बदलाव के साथ उतरेगा भारत, सैमसन-बुमराह की हो सकती है एंट्री




**नई दिल्लीः** आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का 18वां मुकाबला गुरुवार, 12 फरवरी को भारत और नामीबिया के बीच अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में खेला जाएगा। यह मुकाबला भारतीय समय अनुसार शाम 07:00 बजे से शुरू होगा। गौरतलब है कि इन दोनों ही टीमों के बीच अब तक सिर्फ एक ही टी-20 इंटरनेशनल खेला गया है, जो कि साल 2021 के वर्ल्ड कप में हुआ था। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने सिर्फ 15.2 ओवर में 133 रनों का लक्ष्य हासिल करके नौ विकेट से शानदार जीत हासिल की थी। भारत ने टूनामेंट में अपना पहला मैच मुंबई में यूएसए के खिलाफ खेला था, जिसमें उसने 29 रन से जीत दर्ज की थी। टीम इंडिया ने जीत के साथ विश्व कप का आगाज किया है।

ऐसे में सूर्या एंड कंपनी इस लय को बरकरार रखना चाहेगी। दूसरी ओर नामीबिया इसी मैदान पर नीदरलैंड के हाथों हार चुकी है। टी-20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में बुखार के कारण तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नहीं खेले थे। अब बुमराह पूरी तरह से स्वस्थ हो गए हैं। उन्होंने मंगलवार को गेंदबाजी का अभ्यास भी किया। ऐसे में बुमराह की नामीबिया के खिलाफ प्लेइंग 11 में वापसी हो सकती है। अगर बुमराह आते हैं तो मोहम्मद सिराज को बाहर बैठना पड़ सकता है।

# ट्रेड यूनियनों का भारत बंद आज

## बैंकिंग सेवाओं पड़ेगा असर, देश की प्रमुख बैंकिंग यूनियन भी विरोध में हुए शामिल

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार की कथित मजदूर विरोधी नीतियों और नए श्रम कानूनों के विरोध में आज, गुरुवार (12 फरवरी) को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने देशव्यापी भारत बंद का आह्वान किया है। इस हड़ताल का सबसे ज्यादा असर बैंकिंग सेवाओं पर देखने को मिल सकता है, क्योंकि देश की प्रमुख बैंकिंग यूनियनें भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गई हैं। इसके चलते आज दिन भर बैंकों के कामकाज को लेकर अनिश्चितता का माहौल बना रहेगा। शहरों में ग्राहकों को इस बात की चिंता सता रही है कि क्या उनकी शाखाएं सामान्य रूप से काम करेंगी या उन्हें लेन-देन में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।



एसबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा ने जारी किया अलर्टः हालांकि बैंकों ने आधिकारिक तौर पर छुट्टी की घोषणा नहीं की है, लेकिन सेवाओं में भारी व्यवधान आने की आशंका है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बैंक ऑफ बड़ौदा और यूको बैंक जैसे प्रमुख संस्थानों ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को सूचित कर दिया है कि भारत बंद के दौरान उनकी सेवाओं पर असर पड़ सकता है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने बीएसई को दी गई जानकारी में बताया कि हालांकि वे सामान्य कामकाज जारी रखने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हड़ताल की स्थिति में शाखा स्तर पर सेवाएं बाधित हो सकती हैं। इसी तरह, एसबीआई ने भी कहा है कि उन्होंने कामकाज सुचारू रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए हैं, फिर भी कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण कार्यालयों में काम की रफ्तार धीमी पड़ सकती है या सीमित रह सकती है। यूको बैंक ने भी इसी तरह की आशंका जताई है। ऐसे में ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे बहुत जरूरी होने पर ही शाखा जाएं और डिजिटल बैंकिंग का उपयोग करें।

**क्यों हड़ताल पर हैं बैंक कर्मचारी? :** इस हड़ताल में ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन , ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन और बैंक एम्प्लॉइज फेडरेशन ऑफ इंडिया जैसी प्रमुख बैंकिंग यूनियनें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। इन संगठनों ने 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ हाथ मिलाया है। विरोध का मुख्य कारण सरकार द्वारा लाए गए नए श्रम कानून हैं। यूनियनों का आरोप है कि ये सुधार श्रमिकों के हित में नहीं हैं और इससे ट्रेड यूनियनों का रजिस्ट्रेशन और भी मुश्किल हो जाएगा। इसके अलावा, यह विरोध प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहा है जब बैंक कर्मचारी लंबे समय से अपने लिए 5-डे वर्क वीक(हफ्ते में पांच दिन काम) की मांग कर रहे हैं, ताकि उनके कार्य और जीवन में संतुलन बना रहे। आज की हड़ताल के जरिए वे सरकार पर अपनी इन मांगों को लेकर दबाव बनाना चाहते हैं।

**क्या रहेगा बंद? (संभावित प्रभाव)**

बंद का सबसे ज्यादा असर सार्वजनिक सेवाओं पर पड़ने की उम्मीद हैः

**बैंकिंग सेवाएंः** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में कामकाज प्रभावित हो सकता है। बैंक शाखाओं में हड़ताल का असर दिख सकता है।

**परिवहनः** सार्वजनिक परिवहन और बस सेवाओं के पहिये थम सकते हैं। ऑटो और टैक्सी सेवाओं में भी रुकावट की आशंका है।

**सरकारी दफ्तरः** सरकारी सेवाओं और विभागों में कामकाज धीमा रह सकता है।

**शिक्षाः** सुरक्षा और असुविधा को देखते हुए कुछ जगहों पर स्कूल और कॉलेजों में छुट्टी घोषित की जा सकती है या वे बंद रह सकते हैं।

**बाजारः** स्थानीय बाजारों और दुकानों के शटर भी कुछ इलाकों में गिरे रह सकते हैं।

क्या रहेगा खुला? (राहत की खबर)

आम जनता को परेशानी न हो, इसके लिए आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया हैः

**आपातकालीन सेवाएंः** अस्पताल, एम्बुलेंस, मेडिकल स्टोर और फायर ब्रिगेड जैसी सेवाएं सामान्य रूप से काम करेंगी।

**बैंकिंगः** भले ही शाखाओं में काम प्रभावित हो, लेकिन ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहेंगी।

**हवाई और रेल सेवाः** हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर सेवाएं जारी रहेंगी, हालांकि वहां तक पहुंचने में ट्रैफिक जाम के कारण देरी हो सकती है।

**यूटिलिटी सर्विसेजः** पानी और बिजली की सप्लाई सामान्य रहेगी।

बेंगलुरु में व्यापक असर की संभावना

**बेंगलुरु में बंद का असर ज्यादा देखने को मिल सकता हैः** लोकल ट्रांसपोर्ट बस सेवाओं और अन्य लोकल ट्रांसपोर्ट विकल्पों पर असर पड़ने की प्रबल संभावना है।

**सरकारी संस्थानः** पोस्ट ऑफिस, सरकारी विभाग और पब्लिक सेक्टर यूनिट्स में ताले लटक सकते हैं।

**व्यारिक प्रतिष्ठानः** शहर के कई इलाकों में दुकानें, पेट्रोल पंप और औद्योगिक इकाइयां बंद रह सकती हैं। निजी दफ्तर और ऑनलाइन डिलीवरी सेवाएं भी कम स्टाफ के साथ काम कर सकती हैं।

जनता के लिए एडवाइजरी

**ट्रैफिक अलर्टः** विरोध प्रदर्शनों के कारण बड़े शहरों, खासकर बेंगलुरु में भारी ट्रैफिक जाम हो सकता है। हवाई अड्डे या रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्री समय से काफी पहले घर से निकलें।

**योजना बनाएंः** गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी गई है। बैंक जाने से पहले कन्फर्म कर लें या डिजिटल सेवाओं का उपयोग करें।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां पूरी हैं, लेकिन लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।



## गुजरात में आम आदमी पार्टी को लगा बड़ा झटका किसान सेल के प्रमुख राजूभाई ने छोड़ा साथ

**एजेंसी/ अहमदाबाः** गुजरात में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के बड़े चेहरे और किसान सेल के प्रमुख राजूभाई करपड़ा ने इस्तीफा दे दिया है। आप को यह झटका ऐसे समय पर लगा है, जब पार्टी राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए जोर-शोर से तैयारी में जुटी है और किसानों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर अपना जनाधार बढ़ाने की कोशिश कर रही है। सुरेंद्र नगर जिले से आने वाले राजूभाई किसान आंदोलन की वजह से सुर्खियों में आए थे। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपने इस्तीफे की घोषणा की। अटकलें हैं कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकते हैं। अरविंद केजरीवाल को भेजे इस्तीफे में राजूभाई ने लिखा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से पार्टी छोड़ने का फैसला किया है।

उन्होंने लिखा कि व्यक्तिगत कारणों के चलते मेरे लिए वर्तमान दायित्वों का निर्वहन कर पाना संभव नहीं है। पार्टी ने मुझे जो अवसर, सम्मान और सहयोग दिया उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। इस्तीफे को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए राजूभाई करपड़ा ने कहा कि जय किसान साथी दोस्तों, आज मैंने आम आदमी पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। मेरा फैसला बहुतों के लिए चौंकाने वाला हो सकता है। मैंने अपने परिवार के साथ पार्टी को मजबूत करने के लिए अपनी प्राथमिकता और समय दिया।

## चीफ एयर मार्शल ने राफेल को बताया ऑपरेशन सिंदूर का हीरो



**नई दिल्लीः** भारतीय वायुसेना की ताकत में और इजाफा होने जा रहा है। खबर है कि भारत जल्द ही फ्रांस के साथ राफेल लड़ाकू विमानों की बड़ी डील कर सकता है। इसी बीच आईएएफ के वाइस चीफ एयर मार्शल नागेश कपूर ने राफेल को ऑपरेशन सिंदूर का हीरो करार दिया है। भारतीय सेना ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ बीते साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई की थी। उस दौरान पाकिस्तानी क्षेत्र में प्रवेश कर आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया था। एयर मार्शल कपूर ने कहा कि राफेल निश्चित ही चर्चा में है।

उन्होंने राफेल को लेकर कहा कि अन्य हीरोज के साथ वह भी ऑपरेशन सिंदूर के हीरो हैं। बता दें कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17-19 फरवरी को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। इस दौरान वे एआई इंपैक्ट समिट में भाग लेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर भी चर्चा करेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी की फरवरी 2025 में हुई फ्रांस यात्रा के बाद हो रही है। खास बात है कि फ्रांस के राष्ट्रपति की यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत में वायुसेना के लिए 114 और राफेल विमानों की खरीद पर सहमति बनती हुई दिख रही है।

## थाईलैंड के स्कूल में बंदूकधारी ने छात्रों और शिक्षकों को बनाया बंधक, फायरिंग में टीचर घायल, आरोपी गिरफ्तार



**बैंकाकः** थाईलैंड के एक स्कूल में गोलीबारी करने वाले बंदूकधारी को पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद हिरासत में लिया। प्रांतीय प्रशासन ने सोशल मीडिया पर हमले की जानकारी दी थी। बताया कि बुधवार को दक्षिणी थाईलैंड के सोंगखला के एक स्कूल में बंदूकधारी ने कुछ छात्रों और शिक्षक को बंधक बना लिया था।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने भी बताया कि सोंगखला के हाट याई में बंदूकधारी ने शिक्षकों और छात्रों को बंधक बना लिया।

स्थानीय मीडिया के मुताबिक माए ताप्तिम याला फाउंडेशन ने अपने फेसबुक पेज पर शाम 4.59 बजे बताया कि टैम्बोन पातोंग में पातोंग प्रथान खिरिवात स्कूल पर हथियारबंद शख्स ने हमला किया और गोलियां चलाईं। फाउंडेशन ने कहा कि घायल टीचर को अस्पताल ले जाया गया और स्कूल को घेरने के लिए पुलिस को भेजा गया।

पुलिस ने कहा कि बंदूकधारी स्कूल में तब घुसा जब दिन की क्लास खत्म होने वाली थी। उन्होंने कहा कि हमलावर ने कुछ टीचरों और स्टूडेंट्स को बंधक बना रखा था, और कई डरे हुए छात्र बिल्डिंग के अंदर फंसे हुए थे।

हाट याई पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए स्कूल को घेरने के लिए एक स्पेशल फोर्स टीम बनाई। स्कूल से ज्यादा से ज्यादा बच्चे और दूसरे लोगों को निकालने के लिए बचाव दल भी भेजे गए।

पुलिस ने कहा कि वे बंदूकधारी से बातचीत करने के लिए जिले और गांव के मुखियाओं को लेकर अपने साथ पहुंचे। लोगों से कहा गया कि वे सुरक्षा के लिए स्कूल के सामने और आस-पास के इलाकों से बचें, और सिर्फ सरकारी एजेंसियों या दूसरे भरोसेमंद सोर्स से मिलने वाले अपडेट्स पर ही ध्यान दें।

फिलहाल हमलावर को पकड़ने के लिए हाट याई पुलिस स्टेशन के अधिकारियों, स्पेशल ऑपरेशन फोर्स और रेस्क्यू यूनिट्स ने हालात को कंट्रोल करने के लिए स्कूल को घेर लिया है और मौजूद लोगों को बाहर निकाल रहे हैं।

### ट्रेड डील में भारत को और राहत, अमेरिका ने बदली शर्तें

## दाल और 500 अरब डॉलर की खरीद भी जरूरी नहीं




**एजेंसी/ वाशिंगटनः** भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील को लेकर अब राहत भरी खबर आई है। अमेरिका ने भारत के साथ हुई ट्रेड डील पर जारी अपनी फैक्टशीट में चुपचाप बड़ा बदलाव किया है। इस बदलाव से भारत को बड़ा फायदा होगा। दरअसल, व्हाइट हाउस ने फैक्टशीट में जो बदलाव किया है, उसके मुताबिक ट्रेड डील वाली लिस्ट से अब दाल हट गई है। पिछले हफ्ते भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा की थी। उस समय व्हाइट हाउस ने एक फैक्टशीट जारी की थी। उसमें कुछ बातें ऐसी थीं, जिनसे भारत को थोड़ी परेशानी हो सकती थी। इसे लेकर सवाल उठ रहे थे, लेकिन अब अमेरिका ने उस फैक्टशीट में बड़ा बदलाव कर दिया है। साथ ही भारत के लिए 500 अरब डॉलर के अमेरिकी सामानों की खरीददारी की शर्त को प्रतिबद्धता के बजाय अब इरादा या योजना में तबदील कर दिया गया है। मतलब कि भारत ने कोई वादा नहीं किया है, बल्कि भारत इरादा रखता है।

इरादा डील के हिसाब से बदल भी सकता है, मगर वादा नहीं। अमरीका ने भारत पर रूसी तेल इम्पोर्ट के कारण पेनल्टी के रूप में लगाए गए 25 फीसदी टैरिफ को वापस करने का भी फैसला लिया है। इस फैसले से भारतीय कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलने की उम्मीद है।

**डिजिटल सर्विस टैरिफ पर भी अमेरिका रुख में नरमीः** नए दस्तावेज में सिर्फ एनर्जी, सूचना और संचार तकनीक, कोयला और कुछ अन्य सामान की बात कही गई है। डिजिटल सर्विस टैरिफ पर भी अमरीका ने नरमी दिखाई है। पहले कहा गया था कि भारत यह टैरिफ हटाएगा। अब सिर्फ इतना लिखा है कि भारत डिजिटल ट्रेड के नियमों पर बातचीत के लिए तैयार है।

## अचानक फिर टूटी चांदी, 1200 रुपए तक गिरे दाम, सोना भी 660 रुपए हुए सस्ता



**मुबईः** सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट देखने को मिली। सोना 660 रुपये सस्ता होकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी 1200 रुपये गिरकर 2.62 लाख प्रति किलो पर आ गई।

एमसीएक्स पर गुरुवार को चांदी की कीमतें चार प्रतिशत की तेजी के साथ 2.62 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोना की कीमतों में 1,957 रुपये का उछाल देखने को मिला। सोना 1.25% चढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

पिछले दिन बुधवार को चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई और यह 4,000 रुपये उछलकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। वहीं, सोने के भाव में भी मजबूती रही और यह 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया।

स्पॉट गोल्ड की कीमत मामूली गिरावट के साथ 5,080 डॉलर प्रति औंस पर आ गई, जबकि स्पॉट सिल्वर 2 प्रतिशत लुढ़ककर 82.2 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। अमेरिकी श्रम बाजार के मजबूत आंकड़ों के बाद गुरुवार को एशियाई कारोबार के दौरान सोना और चांदी की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई। मजबूत जॉब डेटा से यह संकेत मिला है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती नहीं कर सकता, जिससे कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ा है।



## जालंधर-लुधियाना नेशनल हाईवे जाम, लगी लंबी लाइनें.,

**जालंधर :** जालंधर-लुधियाना नेशनल हाईवे पर आज सुबह एक ट्रॉला पलट जाने से आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई और सड़क पर लंबा जाम लग गया। यह हादसा सुबह लगभग सवा 6 बजे हुआ। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जानमाल की हानि नहीं हुई, लेकिन हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम की स्थिति इतनी गंभीर थी कि हाईवे की सर्विस लेनें भी वाहनों से पूरी तरह भर गईं।

मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी ने बताया कि ट्रॉला पलटने के कारण यह रुकावट पैदा हुई है। पुलिस प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया और सड़क पर पलटे हुए वाहन को हटाकर ट्रैफिक को फिर से सुचारू करने के लिए काम शुरू किया। थोड़ी देर बाद पुलिस ने हादसे ग्रस्त वाहन को हाईवे से एक तरफ करवा दिया और ट्रैफिक चालू हो गया।

## क्रिकेट खेलकर लौट रहे 3 युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौके पर तोड़ा दम



**दरभंगाः** बिहार के दरभंगा जिले से रोंगटे खड़े कर देने वाले सड़क हादसे की खबर सामने आई है, जहां एक भीषण सड़क हादसे में तीन दोस्तों की जान चली गई। वहीं इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में मातम पसर गया।

**क्रिकेट खेलकर लौट रहे थे तीनों नाबालिग दोस्तः** मिली जानकारी के अनुसार, बिरौल थाना क्षेत्र के स्टेट हाईवे-17 पर सोनपुर गांव के समीप की है। मृतकों की पहचान पंकज कुमार, अंकित सहनी और विवेक सहनी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि एक बेकाबू अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन नाबालिगों को कुचल दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक तीनों दोस्त अखराहा गांव की ओर से क्रिकेट मैच खेलकर बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। इसी दौरान बिरौल से सहरसा की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

**सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिसः** इधर घटना की सूचना मिलते ही बिरौल थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया है। एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। फरार वाहन और उसके चालक की पहचान जल्द कर ली जाएगी। दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## क्यों 13 गोलियों से छलनी कर दिया सीना? गणेश सहनी हत्याकांड का रुह कंपा देने वाला खुलासा

**समस्तीपुरः** बिहार में समस्तीपुर जिले के चर्चित स्कूल संचालक और जमीन कारोबारी गणेश सहनी हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात का पदार्फाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में खुलासा हुआ है कि गणेश की हत्या उनके साथ पूर्व में काम कर चुके सहयोगियों ने ही वर्चस्व स्थापित करने के लिए की थी। ताजपुर थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर सह अधिवक्ता गणेश सहनी हत्याकांड में शामिल कुख्यात अपराधी अंकित सहनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्याकांड में शामिल अपराधी अंकित सहनी गिरफ्तार : अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि हरपुर भिंडी गांव स्थित दर्जनियापुल पर आठ फरवरी को गणेश सहनी की हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए प्रशिक्षु पुलिस अधीक्षक अनिकेत कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में एक स्पेशल पुलिस टीम गठित की गई थी। उन्होंने बताया कि टीम ने आज जिले के हलई थाना क्षेत्र स्थित एक ठिकाने पर छापेमारी की। वहां से हत्याकांड में शामिल अपराधी अंकित सहनी को गिरफ्तार किया गया है।

न्यूज IN ब्रीफ

## राजेश कुमार शर्मा सचिव खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग बने



**ज्योति पाठक :** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2003 बैच के वरीय आईएएस अधिकारी राजेश शर्मा को राज्य सरकार ने उनका तबादला करते हुए खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की जवाबदेही सौंपी है। श्री शर्मा अभी दिल्ली में हैं। 12 फरवरी को रांची लौटेंगे और 13 फरवरी को वे अपने नये नव पदस्थापित पद पर योगदान देंगे। श्री शर्मा इससे पूर्व सचिव आपदा प्रबंधन प्रभाग के साथ साथ अतिरिक्त प्रभार नागरिक सुरक्षा आयुक्त के रूप में भी पदस्थापित थे। श्री शर्मा राज्य के कई महत्वपूर्ण विभाग के सचिव रह चुके हैं जिनमें शिक्षा विभाग,पेयजल स्वच्छता विभाग, परिवहन विभाग के साथ साथ सूडा के निदेशक भी रह चुके हैं श्री शर्मा के सूडा के निदेशक पद पर रहते हुए जितने विकास कार्य हुए वे अपने आप में उपलब्धि है। गौरतलब हो कि श्री शर्मा चक्रधरपुर एवं धालभूम अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़, सराईकेला खरसावां , खूंटी, कोडरमा के अलावे गोड्डा के भी लोकप्रिय उपायुक्त रह चुके हैं।

## गिरफ्तारी की मांग को लेकर गुस्साए परिजनों ने सड़क किया जाम

**जमशेदपुर :** गोलमुरी थाना के पास बुधवार सुबह कन्हैया यादव की हत्या के बाद दूसरे दिन परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान परिजनों और समाज के लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गोलमुरी मुख्य सड़क को जाम कर दिया। गुस्साए परिजनों ने सड़क पर आगजनी कर दी। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। परिजनों ने मांग की है कि पुलिस आरोपी बिल्ला पाठक का एनकाउंटर करे जिसके बाद ही वे लोग शव का पोस्टमार्टम करवाएंगे।

## मोहित सिंह बने करणी सेना के नए जिलाध्यक्ष

**जमशेदपुर :** क्षत्रिय करणी सेना परिवार झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर अभिनव सिंह राठौर ने मोहित सिंह को नियुक्ति पत्र देकर जमशेदपुर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राज शेखावत के दिशा-निर्देशानुसार झारखंड प्रदेश में संगठन के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से जिला और प्रदेश का विस्तारीकरण जारी है। प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि मोहित सिंह के नेतृत्व में जमशेदपुर जिला इकाई और अधिक सक्रिय,संगठित एवं जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहित सिंह ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा को मजबूती देने,समाज के हितों की रक्षा करने तथा युवाओं को जोड़ने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

## ब्रह्मर्षि विकास मंच छोटा गोविंदपुर के अध्यक्ष बने रूपेंद्र सिंह

**जमशेदपुर :** ब्रह्मर्षि विकास मंच छोटा गोविंदपुर इकाई की एक बैठक सुनील कुमार पांडे के आवास पर हुई। इसका उद्देश्य इकाई की नई कमेटी का चुनाव कराना था। बैठक में वर्तमान अध्यक्ष सुनील पांडे ने कमेटी के विभिन्न पदों के लिए नाम प्रस्तावित किए। सर्वसम्मति से रूपेंद्र सिंह को अध्यक्ष, मनीष कुमार और अरविंद कुमार पांडे को महासचिव, बिनोद राय को उपाध्यक्ष, और मनोज कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। घोषणा के बाद सभी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण और अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान महासचिव योगेंद्र मौआर ने किया। बैठक में ब्रह्मर्षि विकास मंच के अध्यक्ष राम नारायण शर्मा, महासचिव मुकेश शर्मा, निवर्तमान अध्यक्ष राम प्रकाश पांडे, निवर्तमान महासचिव योगेंद्र मौआर, अवधेश सिंह, विश्वनाथ पांडे, जनार्दन सिंह, सुनील पांडे, प्रिय रंजन कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार, कामेश्वर सिंह, कामेश्वर पांडे, विनोद कुमार सिंह, संतोष कुमार, अजय सिंह, मनोज ठाकुर, निवास ठाकुर, राजेश सिंह, महेश तिवारी, हरिशंकर पांडेय, दिनेश कुमार, राजीव निवास, रजनीश कुमार, चंदन ठाकुर, विनय कुमार सिंह, चंदन कुमार शर्मा और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सरजमदा में विकास भवन को लेकर विवाद, ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से की बात

**जमशेदपुर :** परसूडीह थाना अंतर्गत सरजमदा मौजा में विधायक फंड से प्रस्तावित विकास भवन को लेकर विवाद उत्पन्न होने पर सोमवार को ग्राम प्रधान लखन मुर्मू के नेतृत्व में ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल थाना प्रभारी अविनाश कुमार से मिला। ग्रामीणों ने कहा कि भवन निर्माण से पहले पर्याप्त जानकारी और आपसी संवाद नहीं हुआ, जिससे क्षेत्र में भ्रम और असंतोष फैल गया। उनका यह भी कहना था कि भवन को प्रजापति भवन के नाम से प्रचारित किया जा रहा था, जिससे अन्य समुदायों में नाराजगी पैदा हुई। उन्होंने मांग की कि भवन का निर्माण सामुदायिक स्वरूप में हो, ताकि सभी समुदाय इसका उपयोग कर सकें।

ग्राम प्रधान ने बताया कि ग्रामसभा की जानकारी के बिना ठेकेदार ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया, जिससे विवाद बढ़ा। थाना प्रभारी को बताया गया कि यह भवन स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी के विधायक निधि से बनाया जा रहा है और एसडीएम कार्यालय की अधिसूचना में इसे सामुदायिक भवन के रूप में ही उल्लेखित किया गया है। वार्ता में स्पष्ट किया गया कि भवन सभी समुदायों, आदिवासी समेत अन्य निवासियों के लिए खुला रहेगा और किसी एक जाति तक सीमित नहीं होगा।

## जामा मस्जिद मे हज प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**जमशेदपुर :** साकची जामा मस्जिद मे हज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस मे लगभग 200 हज यात्रियों ने शिरकत किया और 2026 के हज यात्रा से संबंधित जानकारी प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे हज प्रशिक्षण मो. आदिल फरहान, जामा मस्जिद के इमाम, धतकीडीह मस्जिद के इमाम, शकील अहमद, अलाउद्दीन अंसारी, अशफाक हुसैन, जमील अख्तर, जमाल अख्तर ने हज के बाबत जानकारी दी। इस अवसर पर हज के अरकान ( स्तंभ), यात्रा के आवश्यक बातें, सउदी सरकार के कानून, आवश्यक दस्तावेज, हज के दौरान अनुशासन कायम रखने के बारे मे जरूरी बातें बताई गयीं । इस कार्यक्रम का उद्देश्य तमाम हज यात्रीगण पवित्र यात्रा के लिए स्वयं को तैयार कर सकें ।

# लातेहार में हथियार के साथ तीन नक्सली गिरफ्तार, एक पर है 50 हजार का इनाम

**संवाददाता**

**लातेहार:** नक्सलियों के विरुद्ध कार्रवाई में लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तीन नक्सलियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सलियों में आदेश गंझू, उज्ज्वल कुमार और सुभाष कुमार शामिल है। तीनों चतरा जिले के टंडवा के रहने वाले हैं। पुलिस ने गिरफ्तार नक्सलियों के पास से 2 पिस्टल, 35 गोलियों, उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का पर्चा, दस्तावेज और डायरी समेत अन्य सामान बरामद किए हैं। गिरफ्तार नक्सली आदेश गंझू पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित है।

दरअसल, लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि आदेश गंझू के नेतृत्व में अपराधियों का एक दस्ता किसी घटना को अंजाम देने के लिए लातेहार जिले के बारियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत पकरुआ जंगल में इकट्ठा हो रहे हैं। इस सूचना के बाद डीएसपी विनोद रवानी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम गठित की गई और नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की गई।

एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम चिन्हित स्थल पहुंची और इलाके की घेराबंदी शुरू कि तो पुलिस को देखकर अपराधी वहां से भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने तीन नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान नक्सलियों के पास से दो पिस्टल, 35 गोलियों, नक्सली पर्चा सहित अन्य सामग्री बरामद किए गए।

**टीएसपीसी के नाम पर संगठन चलाता था आदेश**

इधर, इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गिरफ्तार आदेश गंझू जेल से निकलने के बाद कुछ अपराधियों को अपने साथ जोड़ा और अलग-अलग नक्सली संगठनों के नाम पर क्षेत्र में अपराध की घटना को अंजाम दे रहा था। उन्होंने बताया कि आदेश तथा उसके सहयोगियों ने लातेहार जिले के बालूमाथ और बरियातू, चतरा जिले के टंडवा, लावालौंग, गिद्धौर और सिमरिया, हजारीबाग जिले के केरेडारी, रांची जिले के खलारी और मैक्लुस्कीगंज आदि थाना क्षेत्र में विभिन्न नक्सली संगठनों के नाम पर लेवी मांगने, फायरिंग करने आदि अपराध की घटनाओं में शामिल था। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी।



इस बीच सूचना मिली की आदेश अपने सहयोगियों के साथ किसी घटना को अंजाम देने के लिए बरियातू थाना क्षेत्र के पास जमा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आदेश और उसके दो अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया।

**21 से अधिक मामलों का अभियुक्त है आदेश**

एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गिरफ्तार आदेश गंझू लातेहार जिले के अलावे आसपास के दूसरे जिलों में कई घटनाओं को अंजाम दिया था। उसके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्र में 21 से अधिक मामले दर्ज हैं। सरकार ने उसके खिलाफ 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। उन्होंने बताया कि आदेश के साथ गिरफ्तार हुए अन्य आरोपियों का भी आपराधिक इतिहास रहा है।

**छापेमारी दल में शामिल पुलिस कर्मियों को मिलेगा रिवॉर्ड**

एसपी कुमार गौरव ने बताया कि छापेमारी दल में शामिल सभी पुलिसकर्मियों को रिवॉर्ड मिलेगा। इसके लिए पुलिस मुख्यालय को अनुशंसा की जाएगी। उन्होंने बताया कि छापेमारी अभियान में डीएसपी विनोद रवानी, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, बरियातू थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार, देवेंद्र कुमार, धीरज कुमार सिंह, अनुभव सिन्हा, गौतम कुमार, होसेन डांग समेत अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# चक्रधरपुर नगर परिषद् से सन्नी उरांव की स्थिति मजबूत

**संवाददाता**

चक्रधरपुर नगर परिषद् से युवा लोकप्रिय, मृदुभाषी प्रत्याशी की बात चलती है तो सन्नी उरांव का नाम स्वतः ही जुबान पर चला आता है अपने सशक्त पकड़ और जनाधार के फलस्वरूप जनमानस के बीच लोकप्रिय प्रत्याशी के रूप में दिख रहे हैं इसकी प्रमुख वजह यह है कि सन्नी उरांव विगत काफी समय से समस्याओं के निराकरण एवं जनहित कार्यो से हमेशा जुड़े रहते हैं। जनहित के कार्यो में उनकी सहभागिता हमेशा देखने को मिलती है। उनके पिता चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार विधायक चुने गए हैं जो एक रिकॉर्ड है इसी के फलस्वरूप सुखराम उरांव को लोकप्रिय विधायक की पहचान मिली है। सन्नी उरांव की पकड़ काफी सशक्त और मजबूत माना



जा रहा है वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के द्वारा सन्नी उरांव को पार्टी का समर्थन देने की घोषणा के पश्चात से सन्नी उरांव का उत्साह और ऊर्जा दोनों काफी बढ़ा है वहीं उनके पक्ष में सांसद जोबा माझी के पुत्र उदय माझी के द्वारा सन्नी उरांव के समर्थन में झामुमो समर्थित प्रत्याशी के रूप में बैठ जाने से सन्नी उरांव की स्थिति सुदृढ़ और मजबूत हुई है। वहीं सन्नी उरांव के समर्थकों का मानना है कि श्री उरांव के द्वारा जनहित कार्यो के लिए समर्पित रहने के फलस्वरूप लोगों के बीच वे लोकप्रिय और कार्य करने वाले व्यक्ति के रूप में पहचाने जाते हैं तथा उनके व्यापक जनसमर्थन से उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है।

# एक्सएलआरआई में 1.10 करोड़ का सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय पैकेज

जमशेदपुर : देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक एक्सएलआरआई के जमशेदपुर और दिल्ली-एनसीआर कैंपस के विद्यार्थियों पर एक बार फिर प्लेसमेंट ड्राइव में रुपयों की बारिश हुई है। संस्थान के छात्रों को 1.10 करोड़ रुपये का सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय वार्षिक पैकेज मिला है। यह अबतक का सबसे ज्यादा पैकेज है। इससे पहले पिछले साल 1.01 करोड़ सालाना पैकेज मिला था। प्लेसमेंट ड्राइव में शैक्षणिक सत्र 2024-26 के पीजीडीएम (बीएम) और पीजीडीएम (एचआरएम) बैच के छात्र शामिल हुए। वैश्विक बाजार की चुनौतियों के बावजूद संस्थान ने अपनी साख बरकरार रखते हुए शत-प्रतिशत प्लेसमेंट का लक्ष्य हासिल किया है। इस वर्ष प्लेसमेंट प्रक्रिया में दोनों परिसर (जमशेदपुर एवं दिल्ली एनसीसआर) के कुल 576 विद्यार्थी शामिल हुए, जिन्हें 145 प्रमुख वैश्विक और घरेलू कंपनियों ने नौकरी के प्रस्ताव दिए।

इस बैच का औसत वेतन 31.40 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, जबकि औसत मध्यिका (मेडियन सैलरी) 29 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक पैकेज 1.10 करोड़ रुपये प्रति वर्ष रहा, वहीं घरेलू स्तर पर उच्चतम पैकेज 59 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा। संस्थान के शीर्ष 10 प्रतिशत छात्रों को औसतन 49.2 लाख रुपये और शीर्ष 25 प्रतिशत को 44.18 लाख प्रति वर्ष का ऑफर मिला। बैच के 42.5 प्रतिशत छात्रों को उनके इंटर्नशिप के दौरान ही प्री प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) प्राप्त हो गए थे। इस वर्ष 25 नए नियोक्ताओं ने एक्सएलआरआई के साथ साझेदारी की, जिनमें एनपैराडाइम, फर्स्टसोर्स, जोमैटो हाइपरप्योर, और रेजरपे जैसी उभरती कंपनियां शामिल हैं। 576 छात्रों को मिले 578 ऑफर इस बार प्लेसमेंट में 576 छात्रों को 578 ऑफर मिले हैं। प्लेसमेंट में कंसल्टिंग, बीएफएसआई और सेल्स एंड मार्केटिंग का दबदबा रहा। कुल ऑफर में सबसे बड़ा हिस्सा कंसल्टिंग (36%) क्षेत्र का रहा। इसके बाद बीएफएसआइ (18%), आईटीइएस (15%) और सेल्स एंड मार्केटिंग (12%) का स्थान रहा। प्रमुख नियोक्ताओं में एक्सेंचर स्ट्रैटेजी, अमेजन, बीसीजी, डेलॉयट, गोल्डमैन सैक्स, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक जैसे नाम शामिल रहे। एक्सएलआरआई के निदेशक फादर एस. जॉर्ज ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि चुनौतीपूर्ण बाजार में यह सफलता छात्रों की प्रतिभा और फैकल्टी के मार्गदर्शन का परिणाम है। यह प्लेसमेंट रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि एक्सएलआरआई बदलती कारोबारी दुनिया के लिए नैतिक और कुशल नेतृत्व तैयार करने में देश का अग्रणी संस्थान बना हुआ है। एचआर में एक्सएलआरआई की बादशाहत मानव संसाधन (एचआर) क्षेत्र में अपनी बादशाहत कायम रखते हुए एक्सएलआरआई ने एक बार फिर साबित किया कि वह देश का सर्वश्रेष्ठ एचआर संस्थान है। अमेजन, एचयूएल और टाटा स्टील जैसी दिग्गज कंपनियों ने एचआर एनालिटिक्स और चीफ ऑफ स्टाफ जैसे महत्वपूर्ण पदों के लिए छात्रों का चयन किया।

## 5 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त, वसूला जुर्माना

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) ने अपने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वालों से करीब 5 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया और दोषियों पर कुल 2,500 का जुमार्ना लगाया गया। यह अभियान विशेष पदाधिकारी विश्वजीत महतो के नेतृत्व में संचालित हुआ, जिसमें सिटी मैनेजर ज्योतिपुंज और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता अनिल कुमार सक्सेना की सक्रिय भूमिका रही। टीम ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर दुकानदारों एवं विक्रेताओं को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

# डिप्टी मेयर बनने के लिए पार्षद का चुनाव लड़ रहे दिग्गज

**संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आदित्यपुर नगर निगम चुनाव में इस बार केवल नए चेहरे ही नहीं, बल्कि कई दिग्गज नेताओं की राजनीतिक साख भी दांव पर लगी हुई है। नगर निगम की राजनीति में लंबे समय तक अहम भूमिका निभा चुके नेता अब पार्षद पद के लिए चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। खास बात यह है कि इन दिग्गजों की सीधी भिड़ंत निवर्तमान पार्षदों से हो रही है, जिससे मुकाबला और दिलचस्प बन गया है। पूर्व डिप्टी मेयर अमित सिंह इस बार वार्ड संख्या 17 से पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। निगम राजनीति में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती रही है, इसलिए पार्षद का यह चुनाव उनके लिए प्रतिष्ठा का विषय है।

वहीं नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह वार्ड संख्या 30 से चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनावी रण में पूर्व मेयर विनोद श्रीवास्तव के परिवार की भी अहम मौजूदगी है। उनकी पत्नी रीता श्रीवास्तव, जो नगर परिषद की प्रथम महिला अध्यक्ष रह चुकी हैं, वार्ड संख्या 29 से चुनाव लड़ रही हैं। वहीं पूर्व मेयर की पुत्रवधू अमृता श्रीवास्तव वार्ड संख्या 28 से पार्षद पद की दावेदार हैं। एक ही परिवार से दो मजबूत चेहरों के मैदान में उतरने से नगर निगम की राजनीति में गर्मी बढ़ गई है। इसके अलावा, इचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह के भतीजे अंकुर सिंह वार्ड संख्या 18 से पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। राजनीतिक विरासत और बड़े नाम के कारण उनकी उम्मीदवारी भी खास मानी जा रही है। इन सभी दिग्गज प्रत्याशियों के सामने चुनौती आसान नहीं है। अधिकतर वार्डों में उनका मुकाबला निवर्तमान पार्षदों से है, जो अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों और स्थानीय पकड़ के दम पर मैदान में हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि पार्षद पद के इस चुनाव में हार-जीत केवल एक वार्ड तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका असर संबंधित नेताओं की भविष्य की राजनीतिक भूमिका पर भी पड़ेगा। यही वजह है कि इन दिग्गज प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है।

## मानगो में दिग्गज नेताओं की पत्नियों के बीच दिलचस्प मुकाबला

**जमशेदपुर :** मानगो नगर निगम चुनाव इस बार केवल स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह सियासी दिग्गजों के परिवारों के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई बनता नजर आ रहा है। मानगो में मेयर पद के लिए बड़े नेताओं की पत्नियों के मैदान में उतरने से मुकाबला बेहद रोचक हो गया है। मतदाताओं के बीच चर्चाओं का केंद्र विकास से ज्यादा सियासी विरासत, पारिवारिक पहचान और व्यक्तिगत दावे बन गए हैं। पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी सुधा गुप्ता कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के रूप में चुनावी रण में हैं। वे अपने पति के मंत्री कार्यकाल की उपलब्धियों और विकास कार्यों को आधार बनाकर जनता से समर्थन मांग रही हैं।वहीं, पूर्व महानगर भाजपा अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव की पत्नी कुमकुम श्रीवास्तव भी पूरी ताकत के साथ मैदान में डटी हैं। इसी कड़ी में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह की पत्नी संध्या सिंह एनडीए समर्थित प्रत्याशी के रूप में राष्ट्रवाद और विकास के मुद्दे पर जनता से वोट की अपील कर रही हैं। संध्या सिंह लगातार पदयात्रा और जनसंपर्क के जरिए अपनी मौजूदगी मजबूत कर रही हैं। मानगो की सियासत में पहली बार इतने बड़े स्तर पर सियासी परिवार आमने-सामने हैं। ऐसे में यह चुनाव न सिर्फ जनादेश का, बल्कि प्रभाव, पहचान और व्यक्तिगत संघर्ष का भी इम्तिहान बन गया है। मतदाता किसे चुनते हैं, यह देखना दिलचस्प होगा। चुनाव पार्टी बैनर का नहीं, जनता के अधिकारियों का मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है कांग्रेस नेता फिरोज खान की पत्नी शाइस्ता परवीन उर्फ जेबा खान ने। पार्टी से निलंबन के बाद जेबा खान ने खुलकर बगावती तेवर अपना लिए हैं।

## नगरपालिका निर्वाचन-2026 की तैयारियों की समीक्षा

# सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों नगर निकायों के प्रशासकों, सेक्टर पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा. निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी प्रशासकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मतदान केंद्र के साथ एक कनीय अभियंता को टैग किया जाए, ताकि मतदान केंद्रों पर आवश्यक आधारभूत संरचनाओं की समय पर जांच एवं सुधार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने तथा कमियों को अविलंब दूर कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पेयजल, शौचालय, रनिंग वॉटर, रैंप सहित दिव्यांगजनों के लिए सुगम व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने तीनों नगर निकायों में क्लस्टर व्यवस्था की तैयारियों की जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टियों के लिए आवासन, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने बीएलओ सुपरवाइजर्स को निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर वॉलिंटियर्स की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। साथ ही मतदाताओं के लिए कतारबद्ध मार्किंग, बैठने की व्यवस्था एवं आवश्यक मार्गदर्शन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने कहा कि नगरपालिका (आम) निर्वाचनझ2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, प्रशासक नगर परिषद् झुमरी तिलैया अंकित गुप्ता, प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा/डोमचांच शंभू प्रसाद कुशवाहा, सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।